


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 201 | ग्वालियर, रविवार 31 मार्च 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज ट्रैक

### बीजेपी का चुनावी घोषणा पत्र जल्द होगा जारीः राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक चुनाव घोषणापत्र समिति का ऐलान किया है. सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा लगातार तीसरी बार देश की सत्ता में वापसी की तैयारी कर रही है. चुनाव घोषणापत्र पैनल में भाजपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक नियुक्त किया है, वहीं उनके कैबिनेट सहयोगी और व्यापार मंत्री पीयूष गोयल सह-संयोजक होंगे. करीब 97 करोड़ पात्र भारतीय मतदाता 19 अप्रैल से शुरू होने वाले छह सप्ताह और सात चरणों में होने वाले मतदान तय करेंगे कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में कौन सा राजनीतिक दल अगली सरकार बनाएगा. 2014 में अबकी बार मोदी सरकार और 2019 में फिर एक बार मोदी सरकार जैसे नारों के बाद, आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का नया अभियान मंत्र अबकी बार 400 पार तय किया गया है. पीएम मोदी अपने तीसरे कार्यकाल का लक्ष्य तय करने की ओर बढ़ रहे हैं. भाजपा का दावा है कि इस लोकसभा चुनावों में वह 543 सीटों में से 370 सीटें हासिल करेगी. केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर चुनाव घोषणापत्र समिति के 27 सदस्यों में शामिल होंगे. इसके अलावा, अर्जुन राम मेघवाल, भूपेन्द्र यादव, विष्णु देव साई, भूपेन्द्र पटेल, शिवराज सिंह चौहान, मोहन यादव, वसुंधरा राजे और रविशंकर प्रसाद उन प्रमुख भाजपा नेताओं में हैं जो चुनाव घोषणापत्र समिति के सदस्य होंगे. असम के सीएम भाजपा ने हिमंत बिस्वा सरमा को भी उस टीम का हिस्सा बनाया है जो बीजेपी का चुनावी घोषणापत्र तैयार करेगी.

### ईद से पहले पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पैसे की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था ने अपने नागरिकों के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि के साथ उनके संघर्ष, दुख और पीड़ा बढ़ गई हैं। अब सरकार पेट्रोल की कीमतों में एक और बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा करने वाली है। ईद-उल-फितर केवल दस दिन दूर है, सरकार कम से कम 10-11 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर सकती है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि ईंधन की कीमत में बढ़ोतरी की घोषणा रविवार को की जाएगी। यह बढ़ोतरी उच्च आयात प्रीमियम और वैश्विक कीमतों के कारण है।

मुख्तार अंसारी हुआ सुपुर्द-ए-खाक

## केवल परिवार के लोगों को कब्रिस्तान में मिली एंट्री

**दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को गाजीपुर स्थित मोहम्मदाबाद में कालीबाग कब्रिस्तान में आज यानी शनिवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है. इस दौरान कब्रिस्तान में हजारों की तदाद में लोगों का हुजूम मौजूद रहा. भीड़ में बहुत सारे लोगों ने नारेबाजी भी की. हालांकि पुलिस की चेतावनी के बाद लोगों ने नारेबाजी बंद कर दी. बाद में पुलिस ने लोगों की निगरानी के लिए ड्रोन से निगरानी की. आपको बता दें कि मुख्तार अंसारी की गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी. मुख्तार के अंतिम संस्कार को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है. गाजीपुर और मऊ समेत पूरे उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित किया हुआ है. गाजीपुर में चप्पे-चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है.
आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में गुरुवार को अचानक



तबीयत खराब हो गई थी. मुख्तार बेहोश होकर जमीन पर गिर गया था. जेल प्रशासन द्वारा आनन-फानन में उसको बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया. यहां दो घंटे के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया है. इसके बाद मुख्तार की बॉडी को कड़ी सुरक्षा के साथ गाजीपुर स्थित उसके पैतृक गांव मोहम्मदाबाद लाया गया. आज उसको शव को परिजनों की उपस्थिति में कालीबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया.
आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मुख्तार अंसारी को गाजीपुर स्थित मोहम्मदाबाद यूसुफपुर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया. यहां यूसुफपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में उसकी कब्र बनी है. उसकी कब्र उसके माता-पिता की कब्र के बराबर में बनी है. मुख्तार के शव को उसके छोटे बेटे उमर अंसारी उमर अंसारी, बहू निकहत अंसारी और दो चचेरे भाइयों को सौंपा गया था.

### कोर्ट की मंजूरी के बाद ईडी ने जेल में शुरू की शाहजहां से पूछताछ

**कोलकाता।** ईडी ने शनिवार को अदालत की मंजूरी मिलने के बाद निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां से जेल में पूछताछ शुरू की। उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उप-विभागीय न्यायालय ने शनिवार दोपहर पीडीएस मामले में ईडी को शेख शाहजहां से पूछताछ करने की इजाजत दे दी। हालांकि, ईडी को केवल जेल परिसर के भीतर ही शाहजहां से पूछताछ करने की इजाजत दी गई है। शेख शाहजहां 5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले का मास्टरमाइंड हैं। वर्तमान में वह बशीरहाट सब-जेल में न्यायिक हिरासत में है। इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने शेख शाहजहां गिरफ्तार किया था और बाद में सीबीआई को सौंप दिया गया था।

## दिल्ली में रविवार को होगी इंडिया ब्लॉक की मेगा रैली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में कल होने वाली इंडिया ब्लॉक की मेगा रैली को लेकर दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है. इंडिया ब्लॉक रैली कल सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चल सकती है. मेगा रैली के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या हो सकती है, ऐसे में यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों को यातायात संबंधी निर्देश दिए हैं. आपको बता दें कि इंडिया अलायंस दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रैली का आयोजन कर रहा है.
ट्रैफिक एडवाइजरी में शहर की प्रमुख सड़कों और जंक्शनों को लेकर रोडमैर तैयार की गई है, जिसके चलते संभावित तौर पर ट्रैफिक मूवमेंट प्रतिबंधित रहेगा. इस मेगा रैली के



कारण रणजीत सिंह फ्लाईओवर, विवेकानन्द मार्ग, जेएलएन मार्ग और चमन लाल मार्ग सुबह से दोपहर के बीच जाम देखने को मिल सकती है. इसके साथ ही राजघाट चौक, मिंटो रोड और आसपास के कई इलाकों में ट्रैफिक प्रभावित हो सकती है. दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों को मेट्रो और बस जैसे सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की सलाह दी है. पुलिस ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि हमदर्द चौक पर कारों के लिए लिमीटेड पार्किंग है और यह आयोजन के दौरान जेएलएन मार्ग पर बसों के संचालन नहीं होने के मद्देनजर दिया गया है. हालांकि, बसों और कारों की आवाजाही को प्रबंधित करने के लिए राजघाट पावर हाउस रोड और वेलोड्रोम रोड पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है. साथ ही, यह ट्रैफिक एडवाइजरी नियमित यात्रियों, खासकर आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे जैसे महत्वपूर्ण परिवहन केंद्रों की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए जरूरी है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंच सकें.

### लोनावाला में अश्लील वीडियो बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**लोनावाला।** महाराष्ट्र के लोनावला में अश्लील वीडियो बनाने वाले एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गोरखधंधा लोनावाला के वीला में दो दिनों से चल रहा था। अलग-अलग राज्यों से कुछ युवक-युवतियां आकर यहां अश्लील वीडियो बनाने में लगे हुए थे। पुलिस को कुछ वीडियो भी हाथ लगे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, लोनावला में वीला पर कुछ युवक-युवतियां अलग-अलग अश्लील ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए अश्लील वीडियो बना रहे थे। भारत में पॉर्न वीडियो बनाना प्रतिबंधित है। इसे अपराध की श्रेणी में शामिल किया गया है। 15 लोगों का गैंग मिलकर अश्लील वीडियो बनाने के काम में जुटा हुआ था। पुलिस ने बताया है कि 15 लोगों में पांच युवतियां भी शामिल हैं। सभी युवक-युवतियां भारत के अलग-अलग राज्यों से हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोनावला ग्रामीण पुलिस ने छापेमारी कर कई लोगों को मौके से धर दबोचा। लोनावला ग्रामीण पुलिस ने मौके से अश्लील वीडियो शूट करने के लिए इस्तेमाल किए गए कैमरे और अन्य सामग्री जब्त कर ली है। यह कार्रवाई लोनावाला सब डिवीजन के सहायक पुलिस अधीक्षक सत्यसाई कार्तिक के मार्गदर्शन में की गई।

STORME SMART SOLUTIONS



अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह

अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

# कार्यकर्ता सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करें: भदौरिया

गोरमी। बीजेपी यू मो ज़िला मिडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु कामकाजी बैठक नगर के थाना रोड स्थित थापक भवन पर आयोजित की गई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री केशव सिंह भदोरिया मौजूद थे विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कांकर जी जिला मंत्री राजकुमार जैन बरिष्ठ नेता श्री कृष्ण कटारे दलवीर तोमर गोकुल सिंह परमार जयवीर पुरोहित भरत शर्मा मौजूद थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियो पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने प्रस्तुत की। और कहा यह हम सब कार्यकर्ता अब मिशन 2024 की तैयारी में पूरे ताकत से लग जाये। ।इस अबसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व जिलाअध्यक्ष श्री केशव सिंह भदौरिया ने कहा कि हम सबको अपने अपने बूथ केंद्र पर पार्टी को इतना मजबूत करना है कि पार्टी को यहां पर 61त्न वोट




मिले इसके लिए हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं यानी मोदी गारन्टी का प्रचार प्रसार घर-घर तक करना है एवं अलग-अलग समाज एवं वर्ग के लोगों को जो लाभार्थी बर्ग है उसको पार्टी की रीति नीति से जोड़ना है हम सब राजनीति में एक मिशन की तरह आए हैं हमें मां भारती की सेवा करनी है राजनीति हमारे लिए एक सेवा का माध्यम है इस अबसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्री संजीव कांकर जी ने कहा लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है मिशन 2024 की सफलता के लिए हमने मिशन 2023 का चुनाव यानी सेमीफाइनल जीत लिया है इसलिए हम सब सारे मतभेद भुलाकर पार्टी के लिए जी जान से जुट जाएं। ये हमारा फाइनल है पार्टी हमारे लिए हमारी मां के समान है हमें अपनी मां का आत्मसम्मन रखना है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया एवं अंत में आभार प्रकट मंडल महामन्त्री ऋषि केश शर्मा ने किया किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरिष्ठ नेता पटेल यादव मंडल उपाध्यक्ष धुर्व शर्मा मंडल मंत्री शिवराज यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू शर्मा पिछड़ा बर्ग अध्यक्ष प्रेम प्रताप नरवरिया अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष बल्लु सखवार डॉ वेद प्रकाश शर्मा रामकुमार शर्मा रणवीर परमार रिंकु दिक्सित बिधि राम कटारे सोनू थोकदार राहुल कटारे छोटू शर्मा धर्मेंद्र जैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बूथ विजय अभियान अंतर्गत विधायक उमाकांत शर्मा ने किया गांव-गांव संपर्क

### बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखो की ली बैठक

**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। मंगलवार को देर शाम विधायक उमाकांत शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हैं बूथ विजय संकल्प अभियान अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल देवपुर के मतदान केन्द्र ग्राम जैतपुर, अनूपपुर, रूसल्ला अभयराज, चौपनाकलां, प्यासी आदि मतदान केन्द्रों पर भाजपा के पन्ना प्रभारियों, बूथ समिति एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा प्रवासी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय विस्तारकों के कार्यों की समीक्षा कर लाभार्थी संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया तथा उनसे प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने एवं सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती डॉ लता वानखेड़े जी को विजयी बनाने हेतु अपील की एवं केन्द्र एवं मध्प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनहितकारी, जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह दांगी, भाजपा मण्डल देवपुर के मण्डल अध्यक्ष झारसिंह दांगी सहित भाजपा के पदाधिकारियो के उक्त ग्रामों के प्रवासी कार्यकर्ता, स्थानीय विस्तारकगण एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थाना देहात पुलिस ने 5 स्थायी वारंटीयों को किया गिरफ्तार

### एक आरोपी 21 साल व एक 20 साल से था फरार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में व नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी के नेतृत्व लोकसभा चुनाव व आचार संहिता को मददेनजर रखते हुये चुनाव को शान्तीपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला भिण्ड में अवैध शराब, अवैध हथियार व गुण्डा बदमाशों व स्थायी वारंटियों पर लगातार अभियान चलाकर धरपकड की कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी थाना देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी के नेतृत्व में दिनांक 29/03/24 को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कुल 05 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 20 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी रतनगढ माता मन्दिर पर साधु के वेश में रह रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना से पकडा गया। थाना देहात पुलिस टीम द्वारा पोरसा,लहार,सोनी मेहगांव,गढ़पुरा से अन्य 4 स्थायी वारंटियों को पकडा जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक प्रदीप सोनी,उपनिरीक्षक रविन्द्र मांझी,विजय शिवहरे,नागेश शर्मा सहायक उपनिरीक्षक विनोद सोलंकी, भानूप्रताप यादव,प्रधान आरक्षक हरवीर सिंह,धीरेन्द्र सिंह,विनोद सिंह राजेश गर्ग,गुरूदास,सोनेन्द्र सिंह सुनील पाण्डेय,जयप्रकाश शर्मा, आरक्षक राजकुमार,दिलीप कुमार, अनिल जाट,सुभाष तोमर,सन्दीप राजावत,राहुल तोमर पवन पाण्डेय, बृजेश कुमार,राजकुमार जाट,प्रदीप यादव,ओमप्रकाश यादव,विष्णु तोमर, दिलीप शाक्य,भूपेन्द्र तोमर,देवेन्द्र शर्मा,सैनिक रमेश बघेल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## ग्राम पामाखेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**अभिषेक कुशवाह**



सिरोंज। नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पामाखेड़ी में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। स्वच्छता, जन स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर आधारित शिविर में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर सात दिन तक शिविर दिनचर्या का पालन करते हुए विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। एनएसएस के स्वयं सेवक प्रातः प्रभात फेरी करते हुए ÷उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहां जो तू सोवत है। जो सोवत है वो खोवत है, जो जागत है सो पावत है÷ गाते हुए गांव का भ्रमण करते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लाल चंद्र राजपूत ने शिविर में विद्यार्थियों के साथ रात्रि विश्राम किया एवं सुबह प्रभात फेरी में हिस्सा लिया। शहर में विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक किया। नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। पौधों में पानी दिया। जल संरक्षण से संबंधित दीवारों पर नारे लिखे गए।ग्रामीण बच्चों के साथ देशी खेलों का आयोजन किया। बौद्धिक चर्चा में प्रोफेसर एस आर तिवारी, भगवत सिंह पाल, संजय वर्मा, अभिषेक चौहान,संतोष द्विवेदी, शिवकुमार यादव, संघ प्रिय गौतम, निधि मसीह, दीपक सोलंकी,कल्पेश चौधरी, पूजा मिश्रा, जुगराज जाटव , वीरेंद्र सेन, नारायण दास साहू,शबाना परवीन,शिवचरण पंथी, श्यामलाल बिजोले,वर्षा पटेल ने सहभागिता की। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर महेश चंद्र परमार ने किया। शिविर को सफल बनाने में प्रोफेसर भगवत सिंह पाल संजय वर्मा कल्पेश चौधरी के साथ स्वयं सेवकों में दलनायक संजीव जाटव, दल नायिका उमापाल यशवेंद्र, भोला कुशवाहा, निखिल जाटव, अभिषेक धाकड़, मनोज आंचल, काजल, अंजलि, प्रहलाद संध्या, नेहा, सचिन का विशेष सहयोग रहा। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर अनंत सक्सेना, राहुल सिंह परिहार एवं जिला संगठक डॉक्टर प्रवीण जग्गा ने कार्यक्रम अधिकारी एवं विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।



## गेर नृत्य से सजा ढूंढोत्सव सामोरह

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। सीरवी समाज ट्रस्ट सुकतंकट्टे आईमाता वडेर प्रांगण में ढूंढोत्सव सामोरह रखा गया। जिसमें समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे। इस मौके पर गेर मंडल ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर ढोल की मधुर धुन पर समूह में गेर नृत्य किया। संस्था के सचिव हनुमानराम बर्फा ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पधारे सभी समाज बंधुओ ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए नृत्य किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक इन्द्रलाल सोलंकी, अध्यक्ष रूगाराम सोयल, सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत, उपाध्यक्ष चौथाराम बर्फा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण राम पंवार, घीसुलाल चोयल, अशोक परिहार, भानाराम गहलोत एवं गेर मंडल के अध्यक्ष कानाराम सोलंकी, सचिव भुराराम सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## मुडलपालिया वेलफेयर एवं व्यापार संघ का होली स्नेह मिलन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। मुडलपालिया वेलफेयर एवं व्यापार संघ ने कुनिगल रोड नलमंगला स्थित आर. आर. रिट्रिट रिसोर्ट में होली स्नेह मिलन मनाया गया। सदस्यों ने विभिन्न खेलकूद व मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव अशोक परिहार, तरूण सीरवी, अनील जैन, नेमाराम सैणचा, घीसुलाल चोयल, भानाराम गहलोत,जीतमल जैन, गीरीराज जैन, पन्नालाल आगलेचा, लखन कुमावत, चुन्नीलाल, सुनील कोठारी, मास्टर जाट, हरीराम देवासी, ललीत, देवाराम भायल, वेनाराम, जगदीश आदि मौजूद रहे।



## गोहद चौराहे पर श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम उत्सव का आयोजन आज से शुरू

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**कथा स्थल राम-जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर गोहद चौराहे के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगी भव्य कलश यात्रा**

गोहद। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गोहद चौराह पर भव्य श्रीमद भागवत कथा एवं श्रीराम उत्सव का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ आज से प्रारंभ रहा है इस दौरान कलश यात्रा कथा स्थल राम जानकी मंदिर से सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर गोहद चौराहे के मुख्य मार्गों होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंचेगी जहां विधि विधान से पूजन किया जाएगा। इस भागवत कथा में प्रतिदिन महंत श्री रामकिशोर दास शास्त्री जी महाराज अपने मुखारबिंद से भक्तजनों को सर्व प्रथम सुबह 7 से 9 बजे तक राम लला का पूजन, 9 बजे से 11 बजे तक राम लला रक्षा स्तोत्र, दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक भागवत कथा तथा 2 बजे से शाम 5 बजे तक संतवाणी और राम कथा का रसास्वादन कर लाभान्वित करेंगे। आयोजन में कई संत विभूतियों के भी दर्शन प्राप्त होगें वहीं महाराज संत श्री रामकिशोर दास शास्त्री ने बताया कि यह आयोजन आज 31 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक चलेगा इसी दौरान श्री राम उत्सव भी मनाया जायेगा अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में संत श्री रामकिशोर दास शास्त्री महराज के सानिध्य मे राम उत्सव एवं राम लला कि भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। जिसमे पधार रहे संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महराज दंदरुआ धाम, खनेता धाम से महामंडलेश्वर रामभूषण दास जी महाराज, अर्जुन दास महाराज, रामकुमार दास महाराज, हरिदास महाराज, सभी दीन बंधु संत एवम कई महान संत अपनी मधुर मीठी वाणी से श्रोताओं को आशिर्वाद प्रधान करेंगे।



## मालनपुर आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र में लगाई गई एक्सरे मशीन लोगों को मिलेगा उचित इलाज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र मालनपुर में एक्सरे








मशीन एवं संबंधित उपकरणों का गोदरेज कंपनी के जी एम अविनाश मिश्रा ने किया उद्घाटन 10 लाख रुपए की राशि सी एस आर द्वारा दिया दान उद्योग क्षेत्र मालनपुर की उद्योग इकाई गोदरेज कंज्यूमर प्राइवेट कंपनी द्वारा 30 मार्च को आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र मालनपुर में स्थान एवं क्षेत्रीय जनता की सुविधा के लिए कंपनी के द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से एक्सरे मशीन कंप्यूटर फिल्म निकाल लेने वाली मशीन अन्य इस संबंधित उपकरणों को सी एस आर के तहत भेंट कर फीता काट शुभारंभ किया अस्पताल परिसर में गोदरेज कंपनी के जी एम अविनाश मिश्रा ने इस शुभ अवसर पर कहा है कि कंपनी के मालिक डायरेक्टर की हमेशा यह शैली रही है कि जनता की जन हितैषी सुविधाओं के लिए हमेशा अग्रणी रहते हैं मैं 1992 से इस उद्योग इकाई में कार्ययत हु मेरे द्वारा कंपनी के निर्देशन में ग्राम सिंगवारी में माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त एवं पेजल की व्यवस्था गोदरेज द्वारा कराई गई है इसी कड़ी में आज ग्राम सिंगवारी में कंप्यूटर लायवेररी और बालिका शौचालय का शुभारंभ किया और कंपनी द्वारा कक्षा एक से लेकर कक्षा आठवीं तक जो छात्रा टोप शिक्षा उनमें से तीन छात्रों को एक एक लाख रुपए स्कॉलरशिप के रूप में दिया जाएगा आगे पढ़ाई की निशुल्क कंपनी द्वारा कराई जाएगी इसी तरह 30 मार्च को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाई सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क पेयजल हेतु एक वाटर कूलर दान देकर शुभारंभ किया गया एवं भवन एवं वाटर कूलर आदि दान देकर जनता को समर्पित किया कंपनी के जी एम अविनाश मिश्रा ने मालनपुर स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य भवन के प्रभारी डॉक्टर मोहनीष तोमर कि प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉक्टर तोमर द्वारा जो इस अस्पताल परिसर में जो विकास कराया गया वह सराहानीय है शासकीय चिकित्सक होने के बावजूद भी इस अस्पताल में कुछ ना कुछ करते रहते हैं और अपनी सेवाएं स्वास्थ्य संबंधित भी देने के बाद उनकी सोच जनता अच्छी है जब डॉक्टर तोमर ने एक्सरे मशीन को लगने के लिए कहा तो कंपनी द्वारा लगाया गया जो स्थानीय जनता के साथ-साथ उद्योग क्षेत्र की उद्योग कार्यों करने वाले मजदूरों काम में मिलेगी आगे मिश्रा जी ने कहा कि हमने जिला चिकित्सालय अधिकारी डॉक्टर शिवराम सिंह कुशवाह को बुलाया था परंतु आचार संहिता के चलते नहीं आए कंपनी द्वारा लगाई गई एक्सरे मशीन पर स्थानीय जनता एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने गोदरेज कंपनी के एच आर फॉर्म को धन्यवाद दिया इस अवसर पर उपस्थित रहे हामिद अली संतोष मिश्रा पूजा शर्मा उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य उमा सिंगल, देवेंद्र तोमर, प्रधान अध्यापक मिडिल स्कूल सिंगवारी एवं विद्यालय और अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी ने एक स्वर से कांग्रेस की जीत का लिया संकल्प





## मऊगंज में आयोजित हुआ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं होली मिलन समारोह

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक एवं होली मिलन समारोह का कार्यक्रम मऊगंज में आयोजित किया गया। इस दौरान मऊगंज क्षेत्र के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता, मंडलम, सेक्टर के अध्यक्ष मौजूद रहे। उक्त अवसर पर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह एक दुर्भाग्य का विषय है जब 10 साल तक रीवा लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधि के पास यह बताने के लिए कुछ नहीं है कि उन्होंने इस दौरान रीवा जिले में कुछ खास किया। इन्होंने कहा कि इन 10 सालों में भ्रष्टाचार की स्थितियां जबरदस्त तरीके से बढ़ी है और उसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे हैं। वर्तमान सांसद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा मिला है। मऊगंज क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से सर्वाधिक युवा पलायन कर अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए बाहर जाते हैं, प्रधानमंत्री द्वारा हर साल 2 करोड़ रोजगारों को रोजगार देने की बात कही गई थी अब मऊगंज के कितने युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला , इसका जवाब वर्तमान सांसद को देना होगा। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने सीधे तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में केवल लूट की गतिविधियां बढी है।

कार्यक्रम में मौजूद सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा है कि जनता ने निस्वार्थ भाव से जनप्रतिनिधि का चुनाव किया लेकिन यहां उनकी भावनाओं के साथ खेला गया है। चारों ओर लूट और भ्रष्टाचार की स्थितियां गली-गली चर्चा का विषय बनी हुई है। इन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि विकास के नाम पर जिस प्रकार का भ्रष्टाचार रीवा जिले में किया गया है अगर तरीके से जांच की जाए तो सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। लेकिन डबल इंजन की सरकार में न नीचे के भ्रष्टाचार की जांच होती है, न ऊपर के भ्रष्टाचार की जांच होती है। इसलिए अब बदलाव की अत्यंत आवश्यकता है। भारी संख्या में आए कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आम जनता के प्रति आभार जताते हुए अभय मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार का स्नेह अभी देखने को मिल रहा है उससे ऐसा लगता है कि कांग्रेस का ही परचम इस चुनाव में लहराएगा। इन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हमारा कार्यकर्ता हमारी रीढ़ है। मऊगंज जिले का एक-एक कार्यकर्ता रीवा लोकसभा में परिवर्तन के लिए पूरी लगन के साथ काम कर रहा है। जिसकी मुझे अत्यंत खुशी है। कांग्रेस के ब्लॉक,मंडलम, सेक्टर के एक-एक कार्यकर्ता ने मोर्चा संभाल लिया है। कार्यकर्ता सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह के अवसर पर पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना , मऊगंज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद्मेश गौतम , जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण संगठन मंत्री रवि तिवारी, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी सहित कांग्रेस संगठन,युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के कर्मठ पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सबने मिलकर कांग्रेस पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा को विजई बनाने का आह्वान भी किया।




### गोविन्दगढ़ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही, गंभीर वारदात की फिराक में धारदार हथियार लेकर घूम रहे दो आरोपियों को पुलिस ने

## अबैध चाकू के साथ दो अलग-अलग मामलो में किया गिरफ्तार

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मुखबिर की सूचना पर अवैध चाकू लिए घूम रहे आरोपी अभिषेक पासी पिता विनोद पासी उम्र 19 वर्ष निवासी बांसा व अंकित पासी पिता बरमदीन पासी उम्र 23 वर्ष निवासी बांसा दोनो थाना गोविन्दगढ के पास लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 81/2024,82/24 धारा 25-क्ऱआर्म्स एक्ट कायम कर अभिरक्षा में लिया गया (गिरफ्तार )किया गया है आरोपियो के कब्जे से चाकू जप्त की गई सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, एएसआई गुलाब सिंह, एएसआई संतोषी सिंह, विपिन सिंह आरक्षक उपेन्द्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह, राहुल पाण्डेय सै सुधाकर मिश्रा।

## थाना गोविंदगढ़ पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध की गई कार्यवाही




रीवा(पुष्पांजली टुडे)।दिनांक 30.3.2024 को वाहन चेकिंग के दौरान गोविंदगढ़ थाना स्टाफ द्वारा शराब पीकर रोड पर बोलेरो चलाने वाले वाहन के चालक जितेंद्र द्विवेदी पिता जगदम्बा द्विवेदी उम्र 36 वर्ष के निवासी मड़वा विरुद्ध थाना गोविंदगढ़ से इस्तगासा क्रमांक 02/24 धारा 185,एमवी एक्ट के तहत इस्तगासा कायम किया जाकर माननीय न्यायालय में इस्तगासा पेस किया जाएगा।

## सिरमौर पुलिस ने 20 पेटी 178 लीटर 119300रूपए की जप्त की गई शराब



रीवा(पुष्पांजली टुडे)।आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सिरमौर पुलिस ने जप्त की 178 लीटर अवैध भराय श्रीमान विवेक सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा के निर्देशन में व श्री विवेक लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (देहात) रीवा, एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी प्रशिक्षु भा.पु.से. ओम प्रकाश के नेतृत्व में दिनांक 29/03/2024 को मुखबिर की सूचना पर सिरमौर पुलिस द्वारा ग्राम गहनौआ में एक कच्चे मकान से 13 पेटी जीनियस अंग्रेजी शराब, लगभग 03 पेटी बैगपाईपर अंग्रेजी शराब, 02 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब व 02 पेटी देशी लाल मसाला शराब, लगभग 20 पेटी, 178 लीटर अवैध शराब कीमती 119300 रूपये की जप्त की गई है व अपराध क्र. 34/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया है। सराहनीय भूमिकाः थाना प्रभारी प्रशिक्षु भा.पु.से. ओम प्रकाश, सहायक उपनिरीक्षक राज्धुन्द सिंह, प्रआर, आनंद बिहारी बैस, आर. अशोक सिंह, वरूण शुक्ला, कैलाश सोलंकी, अवधेश, बसंत, राहुल चौहान, मुकेश गहलोद, महिला आर. पुष्पा सिंह

## निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी

रीवा(पुष्पांजली टुडे )।लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के प्रशिक्षण में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर 22 अधिकारियों, कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन डॉ. सौरभ सोनवणे ने निर्वाचन जैसे अतिसंवेदनशील व महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही व अनुशासनहीनता बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर संबंधितों से दो दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। आर्यानंदन पाण्डेय उ.मा. शिक्षक रायपुर सोनौरी, प्रेमशंकर तिवारी शिक्षक रायपुर सोनौरी, शिवनाथ साकेत विद्यालय तिवनी, अनिल कुमार सिंह विद्यालय बरसैता, अजीत सोनी विद्यालय लक्ष्मणपुर, दिनेश द्विवेदी उपयंत्री, कैलाश चर्मकार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, बलिकरण प्रसाद चौधरी विद्यालय पनवार, सच्चेलाल कोल विद्यालय पनवार, अमित श्रीवास्तव, रामकैलाश कोल, शिवबदन पाल विद्यालय सितलहा, ममता शुक्ला रायपुर कर्चुलियान, सुनीता मिश्रा देवतालाब, आदेश सिंह विद्यालय रायपुर कर्चुलियान, सुचिता सिंह रौरा, राजकुमार सिंह बैकुण्ठपुर, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा विद्यालय बदरांव गौतमान, मंशाराम मौर्य सहायक संचालक उद्यान कार्यालय, जामवंतीदेवी विद्यालय भीर नईगड़ी, प्रभा सिंह विद्यालय बेलवासुरसरी सिंह तथा श्रद्धा पाण्डेय विद्यालय महसांव को प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## ज्ञान के रंग में रंगना ही सच्ची होली मनाना है :मृदुला अग्रवाल

मुरैना अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला प्रकोष्ठ के तत्वधान में महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए तथा उनकी प्रतिभा को निखारने का सराहनीय प्रयास राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती किरण अग्रवाल चौडेले के संरक्षण में कई महिलाओं ने रंगोत्सव मनाया तथा इस अवसर पर एक बहुत सुन्दर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सात रंग है इसमें सभी महिलाओं ने अपना भरपूर योगदान दिया इसमें सभी महिलाओं का चंदन लगाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान के रंग से आत्मा के चोले को रंगना ही वास्तविक होली मनाना है। माया का रंग तो हर एक मनुष्य पर चढ़ा हुआ है अब ईश्वरीय संग के रंग में आत्मा को रंगना ही आध्यात्मिक होली है होली का उत्सव हमें आपसी भेदभाव मन मुटाव अहंकार व तमाम सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी अंदर की भावना उमंग उल्लास को प्रकट करने का अवसर देता है। होली भी भगवान द्वारा आत्माओं को अपने संग के रंग में और ज्ञान के रंग में रंगने के कर्तत्व्य का यादगार है ज्ञान को सच्ची पूंजी अविनाशी खजाना परम औषधि अमृत अंजन प्रकाश और प्रभु की मस्ती में रंग देने वाला रंग भी कहा गया है। प्रभु के संग से आत्मा में जो अलौकिक निखार आता है उसे ज्ञान का रंग चढ़ना कहा जाता है। श्रीमती मृदुला अग्रवाल ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं (1) होली अर्थात? बीती सो बीती जो हो गया उसकी चिन्ता न करो



तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो योगयुक्त होकर करो (2) होली अर्थात? हो गई में आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई अब जो भी कर्म करना है वह ईश्वर की मत पर ही करना है (3) होली अर्थात? पवित्र कार्यक्रम श्रीमती मृदुला अग्रवाल ने सभी से आग्रह किया कि होली पर युवा पीढ़ी नशे का अत्यधिक उपयोग करती है तो सभी से आग्रह है कि हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए नशे से मानव जीवन बेकार होता है और परिवार का विनाश होता है नशा करना ही है तो सच्चा ज्ञान का नशा करें जिससे मानव जीवन का उद्धार होता है वही संगठन मंत्री किरण अग्रवाल ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत है प्यार का प्रतीक है सभी बुराइयों को होली की आग में हवन कर देना चाहिए वहीं रेखा अग्रवाल ने कहा कि सभी महिलाएं हमारी किसी से काम नहीं है इस हास्य कवि सम्मेलन प्रतियोगिता में पुरुषों से कम नही है वही मनीषा अग्रवाल ने कहा कि होली के रंग में शराबोर प्रकृति चारों तरफ चिड़ियों की चहक रंग-बिरंगे फूल ऐसा लगता है कि प्रकृति खिलखिला कर हंस रही है होली और हास्य का संबंध हर तरफ दिख जाता है होली के हास्य को ध्यान में रखकर इस बार महिलाओं ने भी जमकर अपनी-अपनी प्रस्तुति दी और लोगो को खूब गुदगुदाया तथा रजनी अग्रवाल ने कहा कि इस दुनिया में सात रंग है सातवीं अपनी टोली लेकर आई खुशियों रंगों की सौगात यह होली इस अवसर पर महिलाओं की कलरफुल ड्रेस और स्वरचित कविता एवं हास्य नाटिका ने हर्षोल्लास का वातावरण बनाया इस रंग भरे मंचन में ममता, दीप्ती, साधना, विमला, जयंती, अनीता,अनीता मच्छर का भी विशेष योगदान रहा वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती किरण अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता पार्षद,सचिव मनीषा मूंगी वाले, कोषाध्यक्ष नीलम कमरिया, चंदा, अलका,अनु,रजनी,सपना, ममता सिंघल,सुनीता,सुषमा,रिया,भारती, लीला,रजनी, रश्मि, सुनीता मच्छड़,दीपा,उमा,लिखघारी, सहित कई महिलाएं मौजूद थी तथा सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया अंत में मौजूद सभी का आभार मनीषा ने व्यक्त किया

## भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत ना सिर्फ़ भारतीयों के लिए बल्कि विश्व भर के लोगों के लिए कौतुक का विषय रहा है

हाल ही में कॉमनवेल्थ रेसलिंग चैम्पियन संग्राम सिंह और उनकी अभिनेत्री पत्नी पायल रोहातगी ने द तुली रिसर्च सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज़ में भारत के 100 साल से भी अधिक लम्बे सिनेमाई इतिहास से जुड़ी एक कलात्मक प्रदर्शनी को देखने का लुत्फ़ उठाया.इस अनूठी प्रदर्शनी का नाम है सेल्फ़ डिस्कवरी वाया रीडिस्कवरिंग इंडिया जो 15 मार्च से 30 मार्च, 2024 के बीच नई दिल्ली के मैक्स मुलर मार्ग पर स्थित इंडिया इंटरनैशनल सेंटर गैलरी में देखी जा सकती है. उल्लेखनीय है कि विश्व विख्यात भारतीय पहलवान और जानी-मानी अभिनेत्री पायल रोहातगी ने इस प्रदर्शनी को प्रत्यक्ष रूप से देखने वाले ख़ास मेहमान बने.प्रदर्शनी देखने के बाद संग्राम सिंह ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की विविधता और इसकी गहराई की जमकर प्रशंसा की. उन्होंने कहा, ÷इस ख़जाने का साक्षी बनते हुए भारत के समृद्ध इतिहास और अद्भुत रचनात्मक विरासत के दर्शन करना मेरे लिए काफ़ी प्रेरणादायक अनुभव रहा. यह प्रदर्शनी सही मायनों में भारत की आत्मा की झांकी को प्रस्तुत करती है.संग्राम सिंह की पत्नी और अभिनेत्री पायल रोहातगी ने भी प्रदर्शनी को देखने के बाद अपने अनुभवों को साझा किया और कहा, ÷भारत की सिनेमाई व सांस्कृतिक विरासत को देखने-समझने का मेरा यह अनुभव शानदार और यादगार रहा. यहां प्रदर्शित हरेक कलाकृति व हरेक शिल्पकृति अपनी एक अलग ही कहानी बयां करती है जो भूतकाल और वर्तमान काल के बीच की खाई को पाटने का काम असरदार तरीके से करती है. द तुली सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज़ की ओर से आयोजित इस पहली प्रदर्शनी में मूल कलाकृतियों, शिल्पकृतियों, स्मृति चिह्नों व आरकाइव्स के ज़रिए भारत की सांस्कृतिक और समृद्ध सिनेमाई विरासत व इतिहास को बड़े ही कलात्मक और रोचक ढंग से पेश किया गया है.

## दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, एक दूसरे पर दर्ज कराया मुकदमा

मौदहा। एक ही बिरादरी के अलग-अलग राजनीतिक दलों के दो नेताओं की आपसी प्रतिद्वंदिता के चलते होली पर्व में दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। वहीं घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान सहित छह से अधिक लोगों पर मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।कोतवाली क्षेत्र के छिमौली गांव में होली के दिन दो सगे भाइयों के बीच उपजे विवाद में जमकर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी, पत्थर चलाए गए। गांव निवासी प्रथम पक्ष पीड़ित राजेश निषाद ने दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के सामने बैठा हुआ था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के वरदानी, मीलू निषाद, करन व संतोष आदि लोग अपने हाथ में लाठी, डंडे, कुल्हा?ी लेकर आ गए । अचानक हम लोगों पर हमला कर दिया। उसमें ब्रजेश, फूला देवी, धनीराम, शिवकुमार व बच्चीलाल आदि बुरी तरह घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि दूसरे पक्ष की कौशल्या देवी पत्नी वरदानी लाल ने दी तहरीर में बताया कि गांव के राजेश, धनीराम, राम बृजेश व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने उसके पति, देवर, पुत्र सहित पारिवारिक जनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। उनको सीएचसी ले गए जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। बताया कि दोनों पक्षों के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मीलू निषाद सहित छह से अधिक लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## जुमे की नमाज को लेकर बरती गई विशेष सतर्कता हुआ रूट मार्च

मौदहा। गुरुवार को हुई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत और रमजान के तीसरे शुक्रवार के साथ ही पूरे प्रदेश में लागू निषेधाज्ञा के चलते संवेदनशील श्रेणी के इस कस्बे में जुमे की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई और उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में अर्धसैनिक बलों के रूटमार्च निकाला गया और कस्बे की मुख्य मस्जिदों के आसपास भी पुलिस बल तैनात किया गया था।पवित्र माह रमजान के तीसरे शुक्रवार और पूरे प्रदेश में लागू निषेधाज्ञा के साथ ही गुरूवार की रात प?ोसी जनपद बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हुई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर जहां पूरे प्रदेश में अलर्ट घोषित किया गया है तो उसी को देखते हुए आज दिन के तीसरे पहर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा उपजिलाधिकारी राजेश चंद आदि रहे।

### लोकसभा निर्वाचन 2024

## बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी, अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

सक्ती। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के तहत शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा दिनांक से ही आदेश जारी किया है कि सक्ती जिले के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों, उपक्रमों के अमलों के अवकाश की स्वीकृति हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सक्ती से अनुमति के पश्चात ही अवकाश की पात्रता होगी। साथ ही कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी अवकाश स्वीकृति होने के पश्चात ही अवकाश पर जा सकते हैं। जिले में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को आदेशित किया गया है कि वे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर प्रस्थान करेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे।

## संपादक की कलम से

### कंगना बनाम कांग्रेस

उत्तराखंड की तरह हिमाचल प्रदेश भी छोटा सा खूबसूरत राज्य है । संयोग है कि दोनों राज्यों में इतने बड़े बड़े धर्मस्थल हैं कि दोनों राज्यों को देवभूमि कहा जाता है । प्रकृति ने इन हिमालयी आभा वाले राज्यों को अपार सौंदर्य से नवाजा है । ये राज्य अध्यात्म , चिंतन , संस्कृति एवम सभ्यता के महान केंद्र हैं । सच कहें तो भारत को ऑक्सीजन देने का बड़ा जिम्मा इन्हीं हिमालयी राज्यों का है । वेद उपनिषद पुराण आदि धर्मग्रंथों के जनक ये दो राज्य कश्मीर , असम और पूर्वोत्तर से मिलकर ज्ञान , तप और साधना के केंद्र हैं । साथ साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन के मुख्य आधार रहे हैं ऐसे में यदि हिमाचल में मंदिरों के गढ़ खूबसूरत मंडी नगर को भाव पूछकर अपमानित किया जाए तो घाव गहरा हो जाता है । इसी क्षेत्र से देश की जानी मानी अभिनेत्री कंगना को उम्मीदवार बनाते ही यदि कोई उनका चित्र डालकर ह्व मंडी में क्या भाव चल रहा है ह्व पूछेगा तो साफ समझ आ जाएगा कि इसी इलाके की बेटी पर सवाल उठाया गया है । तो क्या कांग्रेस पार्टी महिला अभिनेत्रियों को बदचलन मानती है ? बीस वर्ष के अभिनय जीवन में कंगना के चरित्र पर क्या कभी एक भी सवाल उठा ? कंगना देश की शिखरस्थ अभिनेत्रियों में शुमार हैं । उन्होंने परदे पर एक से बढ़कर एक किरदार निभाए हैं । मतलब आपकी नफरत बीजेपी से है , सब जानते हैं , मोदी से है सबको पता है । पर क्या उन 543 प्रत्याशियों से भी उतनी ही नफरत है जितनी कंगना से ? मंडी में भाव पूछते हुए आपने कंगना का जो चित्र लगाया था , वह उनकी एक फिल्म का है । वैसे एक स्त्री के जिन अंगों को उभारते हुए आपने ह्व मंडी ह्व में भाव पूछा है वे अंग दुनिया की हर औरत के पास हैं । आपके पास भी हैं सुप्रिया श्रीनेत ? हर पुरुष की पत्नी के पास हैं , मां बहन बेटी के पास हैं । ये अंग उन्हें भगवान ने दिए हैं , इंसान ने नहीं । सुप्रिया , आप कहती हैं कि आपके एक्स हैंडल को बीस लोग संभालते हैं । ओफ्फो ! आप इतनी बड़ी नेता हैं ? तीन दिनों में आप अभी तक पता नहीं लगा पाई कि यह ट्वीट किसने किया ? जब तक आप नहीं बताएंगी , सभी यही मानेंगे कि यह सब एक औरत के प्रति आपकी घृणा और जलन का करा धरा है । पर पोस्ट डिलीट करने से से कुछ नहीं होगा , तीर कमान से निकल चुका है । अभी चुनाव शुरू हुआ है , गहरा घाव भरने में भी काफी समय लगेगा । आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस आलाकमान ने अभी तक भी सुप्रिया से इस मानसिकता की बाबत नहीं पूछा ? सुनों नेताओं ! भारत की औरतें बड़ी मुश्किलों के बाद बाहर निकली हैं । उनकी स्पीड के सामने अवरोध मत खड़े करो । इस देश की स्त्री चिर स्वाधीन थी।लेकिन हिन्दुस्तान की नारियों ने 1000 साल तक गुलामी का काल बड़ी मुश्किलों के बीच भोगा।स्त्री को अब न रोको सुप्रिया श्रीनेत?वैसे औरतों की उड़ान रोकने की हिम्मत तुम में या किसी पार्टी में है भी नहीं।कंगना से नहीं,औरत के किरदार से माफी मांगो ।वरना याद रखना,जल जाओगे ?

## दक्षिण अफ्रीका में अवैध शिकार की बलि चढ़ रहे गैंडे

दक्षिण अफ्रीका की सरकार गैंडों के बढ़ते शिकार से चिंतित है. पर्यावरण मंत्रालय ने बताया कि गैंडों के शिकार और उनके अंगों के अवैध व्यापार से निपटने की तमाम कोशिशों के बावजूद 2023 में 499 गैंडे मारे गए. 2022 की तुलना में यह संख्या करीब 11 प्रतिशत ज्यादा है. शिकार के ज्यादातर मामले सरकार के संरक्षण वाले अभयारण्यों से जुड़े हैं.

चीन और वियतनाम समेत कुछ एशियाई देशों में गैंडों के अंगों, खासकर सींगों की खासी मांग है. यहां कुछ पारंपरिक और वैकल्पिक दवाओं में गैंडों के अंगों का इस्तेमाल होता है. इसके कारण ब्लैक मार्केट में गैंडों के सींग की भारी मांग है.

आपूर्ति के लिए गैंडों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी की जाती है. कई दशकों से हो रहे अवैध शिकार और कुदरती आवास के खात्मे के कारण गैंडे की कुछ प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं. ब्लैक राइनो और जावा-सुमात्रा के राइनो गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं.

वन्यजीव संरक्षण समूह ह्यसेव द राइनो इंटरनेशनल' ने दक्षिण अफ्रीका में गैंडों के बढ़ते शिकार को बेहद चिंताजनक बताया है. समूह ने रेखांकित किया कि शिकार के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से अधिक संसाधन दिए जाने की जरूरत है. समूह के सीईओ जो शॉ ने कहा, "इस समस्या का रातोरात समाधान नहीं निकल सकता, लेकिन चूंकि दक्षिण अफ्रीका में हर 17 घंटे के भीतर एक गैंडे का शिकार किया जा रहा है, तो हम और समय नहीं गंवा सकते."

**शिकारियों और गार्डों की मिली-भगत का भी अंदेशा**

हाल के वर्षों में सरकारी एजेंसियों ने विशेष रूप से क्रूगर नैशनल पार्क के इर्द-गिर्द सुरक्षा घेरा खासा सख्त किया है. यह अभयारण्य मोजाम्बिक की सीमा से सटा है और पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय है. यहां भी गैंडों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से कमी दर्ज की गई है. पिछले 15 साल के दौरान यहां गैंडों की संख्या 10,000 से घटकर तीन हजार से भी कम रह गई है.

सख्त सुरक्षा इंतजामों के चलते 2023 में यहां 78 गैंडे शिकारियों का निशाना बने. यह संख्या 2022 की तुलना में 37 प्रतिशत कम है. हालांकि यहां सख्ती का एक असर यह हुआ कि शिकारियों ने दूसरे क्षेत्रों और प्राइवेट रिजर्व की ओर रुख किया है.

दक्षिण अफ्रीका की पर्यावरण मंत्री बारबरा क्रीसी ने बताया कि क्वाजुलू नटाल प्रांत में एजेंसियों ने 49 संदिग्ध शिकारियों को गिरफ्तार किया है. उनके अनुसार, देश की अदालतों में 45 शिकारियों और सींग तस्करों पर आरोप भी सिद्ध हो चुके हैं.

इनमें एक पूर्व फील्ड रेंजर भी शामिल है, जिसे एक गैंडे को मारने के मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई. गैंडों के शिकार की समस्या से निबटने के लिए राष्ट्रीय अभयारण्य प्रशासन को अवैध शिकारियों से मिलीभगत के संदेह में नए कर्मियों का लाई-डिटेक्टर टेस्ट तक कराना पड़ रहा है.

**सुरक्षा इंतजाम और बढ़ाने की जरूरत**

इसके बावजूद, अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने सितंबर 2023 में बताया कि संरक्षण प्रयासों के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं और अफ्रीका में गैंडों की संख्या में वृद्धि हो रही है. साल 2022 में पूरे महाद्वीप में गैंडों की संख्या 23,300 थी, जो 2021 की तुलना में 5 .2 प्रतिशत अधिक थी.

एजेंसी ने इसे पिछले एक दशक में गैंडों से जुड़ी पहली खुशखबरी बताया. वहीं, इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन के एक स्वतंत्र आकलन में पाया गया कि करीब 15,000 गैंडे दक्षिण अफ्रीका में ही हैं. हालांकि, इन खुशनुमा संकेतों के बीच वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के जेफ कूक चेताते हैं, "आईयूसीएन के आंकड़े उम्मीद जगाने वाले हैं, ।

# हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे सहारे

**- बादल सरोज**

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उजागर हुए बॉन्ड काण्ड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि लुटेरे कारपोरेट की पूंजी और घोटालेबाजों का काला धन ही मोदी ब्रान्ड हिन्दुत्वी राजनीति की शक्ति का स्रोत है। यह और इसी तरह का दूसरा, इससे भी ज्यादा तादाद वाला पैसा है जिसकी दम पर भारत के संसदीय लोकतंत्र की बखिया उधेड़ी जा रही हैं, चुनाव में सभी दलों के लिए समान अवसर की सारी संभावनाएं खत्म की जा रही है।

कहते हैं कि कोई अगर गिरने के लिए अपनी पर भी आ ही जाये तब भी उसकी कोई न कोई सीमा होती ही है। मगर भारतीय जनता पार्टी एक अलग तरह की पार्टी है। आजादी के बाद के भ्रष्टाचार कांडों में सबसे विराट रकम वाले चुनावी बॉन्ड्स के महा-घपले का भांडा फूटने के बाद ऊपर से नीचे तक पूरी भाजपा की बेशर्मी इसी की मिसाल है। पहले तो इन इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर दायर की गई याचिकाओं की सुनवाई में ही लगातार टांग अड़ाई गईं। इसके बाद भी जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से इसके महासचिव सीताराम येचुरी सहित 5 याचिकाकताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई पूरी करके अपने फैसले में इन बॉन्ड्स को अवैधानिक करार दे दिया। इसी के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को इनसे जुड़ी सभी जानकारियां 6 मार्च तक सार्वजनिक करने के लिए आदेशित किया तो बैंक ही मुकर गई; उसने इसे बहुत ज्यादा ही बड़ा काम बताते हुए जून तक का समय मांग लिया।

मंशा साफ थी कि जो भी सामने आये वह आम चुनाव पूरे होने के बाद ही आये। यह एसबीआई का काम नहीं था, यह मोदी सरकार द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत को अंगूठा दिखाने जैसा काम था। याचिकाकताओं ने जब इसे चुनौती दी तो संविधान पीठ ने एक बार पुनः एकदम साफ-साफ चेतावनी के साथ एसबीआई से कहा कि वह पूरी जानकारी 12 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपे और चुनाव आयोग 15 मार्च की शाम तक इसे अपनी वेबसाईट पर सार्वजनिक करे। एसबीआई ने इस स्पष्ट आदेश में भी टंगड़ी मारने की कोशिश की ; बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी और इन बॉन्ड्स से रकम उठाने वालों की जानकारी तो दे दी, मगर किसका बांड किसने भुनाया इसकी जानकारी वाला यूनिक कोड साझा नहीं किया।

जाहिर है सुप्रीम कोर्ट को झांसा देने की यह दूसरी धोखाधड़ी भी एसबीआई के किसी अफसर या चेयरमैन के बूते की बात नहीं थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक और आदेश में कहा कि , 'हमने आदेश में पूरी जानकारी देने को कहा था। लेकिन एसबीआई ने बॉन्ड नंबर नहीं दिया। एसबीआई पूरे आदेश का पालन करे। सभी बॉन्ड के यूनिक नंबर यानी अल्फा न्यूमेरिक नंबर निर्वाचन आयोग को 21 मार्च तक मुहैया कराए।' इसके बाद भी जानकारी अधूरी ही आई है- अभी कुछ है जो छुपाई जा रही है। कुल मिलाकर यह कि भाजपा ने अपने अपराध छुपाने के लिए सारी नैतिक, न्यायिक और वैधानिक सीमाएं लांघ दीं और देश की न्यायपालिका की खुल्लम खुल्ला अवमानना की।

इलेक्टोरल बॉन्ड्स की अब तक की जानकारी में किस किसने कितना दिया, जुआ कम्पनी, बीफ निर्यातक कम्पनी वगैरा ने कितना दिया ये सारी जानकारियां लगातार आ रही हैं इसलिए उन्हें गिनाकर जगह घेरने का कोई मतलब नहीं। मगर दो-तीन रुझान गौरतलब हैं; इधर इनकम टैक्स और ईडी का छापा पड़ा, उधर भाजपा के खाते में कुछ सौ करोड़ रुपए का बॉन्ड पहुंच गया, इधर भाजपा को कुछ सौ करोड़ रुपयों का बॉन्ड मिला और उधर उस कंपनी को हजारों करोड़ रुपयों का ठेका मिल गया या सौदा हो गया। यह सीधे-सीधे घूसखोरी और भ्रष्टाचार का मामला है-ध्यान रहे 1981 में कुछ बिल्डर्स को आउट ऑफ टर्न सीमेंट देकर दो ट्रस्टों के लिए महज 5 करोड़ का चन्दा लेने के आरोप में महाराष्ट्र के तब के मुख्यमंत्री ए आर अंतुले को इस्तीफा देना पड़ा था। बोफोर्स में तो सिर्फ 64 करोड़ का कमीशन लेने की बात थी, मगर उसी से सरकार उलट गई थी।

आजाद भारत के पहले वित्तमंत्री टी टी कृष्णमाचारी को तो बिना पैसा लिए ही किसी को मदद करते पाए जाने पर मंत्रीपद छोड़ना पड़ा था। होने को तो खुद इसी भाजपा के लालकृष्ण अडवानी ने जैन हवाला काण्ड में 2 करोड़ रुपए लेने का आरोप लगने पर संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और शहीद बनने के अंदाज में कहा था कि 'राजनीतिक विश्वसनीयता बुनियादी चीज है. लोग हमें वोट देते हैं और हमें उनका विश्वास कायम रखना पड़ता है।' आज राजनीतिक विश्वसनीयता की दुहाई देने वाले उन्हीं अडवाणी को अपना मार्गदर्शक बताने वाली भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड से 60 अरब रुपए




वसूल कर डकार तक नहीं ले रही।

इस बॉन्ड काण्ड का एक और गंभीर रुझान यह है कि जिनकी कुल संपत्ति 2 या 4 करोड़ की भी नहीं है उन कंपनियों ने भी सैकड़ों करोड़ रुपए के बॉन्ड्स भाजपा को दिए। यह बेनामी रकम किसकी है? वह कम्पनी किस देश की है? इसे किन अपराधी गिरोहों से जुटाया गया है? यह किसी भी देश के लिए चिंताजनक बात होती, दुनिया के देशों में आज भी होती है, मगर सरेआम, रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद भी भाजपा बजाय शर्मसार होने के आरोप लगाने वालों को ही शर्मिन्दा करने के ढीठ अंदाज में अपने भ्रष्टाचार को सदाचार बताने की मुहिम युद्ध स्तर पर शुरू कर चुकी है। तरह-तरह के कुतर्कों, झूठों और महाझूठों का ज्वालामुखी सा फट पड़ा। झूठ की फैक्ट्री आई टी सैल का काम अब खुद भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं से संभाल लिया। अपने चहेते और चुनिन्दा गोदी मीडिया के कभी प्रतिप्रश्न न करने वाले आज्ञाकारी पत्रकारों के बीच अमित शाह बोले कि 'बांड गोपनीय हैं तो क्या हुआ, नकदी चंदा भी तो गोपनीय होता था।' यह भी कि 'यह बांड सिस्टम राजनीति से काला धन समाप्त करने के लिए लाया गया था।'

मतलब यह कि भाई लोग काले धन में अपना भरा पूरा हिस्सा लेकर काला धन समाप्त करने का दावा कर रहे हैं। अपने अपराध को ढांपने के लिए अमित शाह झूठा आंकड़ा तक गढ़ लाये और चुनावी बॉन्ड्स को एसबीआई द्वारा बताई राशि 12 करोड़ से बढ़ाकर उसके 20 हजार करोड़ होने का दावा ठोंक दिया और प्रति सांसद के हिसाब से भाजपा को कम मिलने का शिकवा भी कर मारा। पूरे लेनदेन की तारीखें सामने आने और उनकी क्रोनोलॉजी साफ-साफ दिखने के बाद भी वित्त मंत्राणी निर्मला सीतारमण छुपाछुपी खेलती दिखीं और इनकम टैक्स के छापों के पहले दिया या बाद में इस बहस को ही निरर्थक बता दिया। महाराष्ट्र वाले देवेन्द्र फड़नवीस तो और आगे बढ़ गए उन्होंने दावा किया कि 'ये बॉन्ड काण्ड पोलिटिकल फंडिंग को लेकर किये जाने वाले अच्छे बदलावों में से एक है।' अब अगर यह अच्छा है तो पता नहीं भाजपाई शब्दकोष में बुरे और आपराधिक का मायने क्या होता होगा।

जिस भाजपा के केंद्र की सत्ता में पहुंचने की सीढ़ी ही भ्रष्टाचार के खिलाफ उमड़ा जनाक्रोश था, अब सिर्फ वह भाजपा ही इस काण्ड को राष्ट्रनिर्माण का पुण्य कार्य नहीं बता रही. संघ के महासचिव- सरकार्यवाह- दत्तात्रेय होसबोले ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध घोषित किये और जानकारियां सार्वजनिक होने के बाद और ज्यादा संदेहास्पद हुए चुनावी बॉन्ड्स की हिमायत करते हुए कहा कि 'ये एक प्रयोग हैं और इनमे जांच-परख (चेक एंड बैलेंस) के सारे इंतजाम है।' ध्यान रहे यह प्रमाणपत्र उसी संघ के महासचिव दे रहे थे जिसके सरसंघचालक भागवत दावा करते हैं कि 'आरएसएस राष्ट्रनिर्माण में विश्वास करती है, भ्रष्टाचार के विरुद्ध हर आन्दोलन में वह साथ है।'

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उजागर हुए बॉन्ड काण्ड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि लुटेरे कारपोरेट की पूंजी और घोटालेबाजों का काला धन ही मोदी ब्रान्ड हिन्दुत्वी राजनीति की शक्ति का स्रोत है। यह और इसी तरह का दूसरा, इससे भी ज्यादा तादाद वाला पैसा है जिसकी दम पर भारत के संसदीय लोकतंत्र की बखिया उधेड़ी जा रही हैं, चुनाव में सभी दलों के लिए समान अवसर की सारी संभावनाएं खत्म की जा रही हैं, सरकार में रहने और ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसे विभागों को गुंडों मवालियों की तरह इस्तेमाल कर अपने लिए वसूली रैकेट ही नहीं चलाया जा रहा है बल्कि विपक्षी दलों को चंदा देने वालों पर भी डंडा चलाया जा रहा है। यही काला धन है जिससे निर्वाचित सांसदों, विधायकों को खरीद कर जनादेश उलटे जा रहे हैं, सारे मीडिया को अपना चारण और भाट बनाया जा रहा है। नौकरशाह एक पार्टी -भाजपा- के तबेले में बांधे जा रहे हैं। तुलसीदास की रामचरितमानस के लंका कांड की चौपाई में कहें तो आम चुनाव में 'रावण रथी विरथ रघुवीरा' जैसी स्थिति बनाई जा रही है। जनता इसे समझ रही है और इसी समझदारी को अप्रैल और मई के मतदान में अपने निर्णय का आधार बनायेगी।

चुनावी बॉन्ड काण्ड तो बानगी है- अभी पीएम केयर्स फण्ड के घोटाले का सामने आना बाकी है। यह वह कोष है जो है तो पीएम के नाम पर मगर असल में मोदी एंड कंपनी लिमिटेड के पास है। आरटीआई सहित जांच-परख के सभी दायरों से ऊपर है। वर्ष 19-20 में इस फण्ड में 3076.6 करोड़ जमा हुए, अगली साल ये बढ़कर 10,990.2 करोड़ हो गए। जबकि दोनों सालों में कुल खर्च इसके आधे से भी कम 6125 करोड़ रुपए ही हुआ। किसी को नहीं पता कि बचा हुआ पैसा साढ़े सात हजार करोड़ रुपए - जो चुनावी बॉन्ड्स में भाजपा को मिले पैसे से भी अधिक है, कहां हैं, किसके नियंत्रण में है। पता तो यह भी नहीं है कि जो खर्च हुआ वह भी किस काम में खर्च हुआ, सही में खर्च हुआ भी है या नहीं।

**(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)**

# सियासत के झटके या झटके की सियासत

**@ राकेश अचल**

हम जैसे रोजाना लिखने वाले लेखकों के लिए मुश्किल ये है कि हमें देश में उनके सामने सियासत के अलावा कुछ भी नया नहीं होता दिखाई देता। नया होता भी होगा तो सियासत का चेहरा इतना बड़ा है कि वो सबको अपने मायामंडल से छिपा लेती है। कल मैंने आपको राजनीतिक दलों की लिस्टों के बाबद बताया था। आज मेरी कोशिश है कि मै आपको सियासत में लगने वाले झटकों या झटके वाली सियासत से रूबरू कराऊँ। मानसिक कसरत आपको भी करना होगी।

चुनावी मौसम में जब लिस्टें बनतीं हैं तब किसी को टिकट मिलता है, किसी का कटता है। टिकट वितरण की पूरी प्रक्रिया ही झटका आधारित होती है। सियासत का काम ही झटके का दिया जलाकर रखने का है। बात बिहार से करें तो वहां राजद ने बेचारे पप्पू यादव को झटका दे दिय। उनकी पारम्परिक सीट से राजद के पुराने सुप्रीमो लालू यादव की बेटी को टिकट दे दिया गय। बेचारे पप्पू भाजपा से छिटककर राजद के करीब आये थे की बात बन जाये लेकिन नहीं बनी, उलटे झटका और लग गया।

आपको पता ही है कि भाजपा भी अपने एक युवा तुर्क वरुण गांधी को टिकट न देकर झटका दे चुकी है। वरुण गांधी के बागी होने की आशंका थी लेकिन वे बागी नहीं हुए। खामोशी से अपनी माँ श्रीमती मेनका गांधी का चुनाव प्रचार करने में लग गए। वरुण को जोर का झटका जोर से ही लगा। धीरे से लगता तो और बात थी। लगता है कि भाजपा ने वरुण की राजनीतिक नसबंदी कर दी है। वरुण न खुलकर रो पाए और न अपनी बदनसीबी पर हंस पाए। ऐसे नौजवानों के प्रति मेरी सहानुभूति हमेशा रही है, भले ही वे किसी भी दल के कार्यकर्ता हों।

सियासत में झटका और हलाल का चलन बहुत पुराना नहीं है। कांग्रेस चाहकर भी झटका राजनीति में दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। आम जनता को उम्मीद थी की कांग्रेस अपने बिभीषण केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ कोई मजबूत प्रत्याशी देगी, लेकिन खोदा पहाड़




और निकली चुहिया।

समाजवादी पार्टी को भी आजम खान साहब के गढ़ रामपुर से अंतिम मौके पर उम्मीदवार बदलना पडा। जामा मस्जिद के शाही इमाम को ऐन मौके पर प्रत्याशी बनाया गया इसलिए चुनाव चिन्ह तक चार्टेड प्लेन से भेजना पड़ा।

सपा के इस फैसले से निवर्तमान सांसद हैं साहब को झटका लगना स्वाभाविक है। लेकिन रामपुर नरेश आजम खान साहब नहीं चाहते थे कि उनकी सल्तनत में पार्टी उनकी मर्जी के खिलाफ किसी को अपना प्रत्याशी बनाये, कहते हैं कि आजम साहब ठीक उसी तरह से जेल से सियासत कर रहे हैं जैसे अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सल्तनत सम्हाले हुए हैं।

झटके देने में भाजपा दूसरे दलों से सबसे आगे चल रही है। भाजपा की अब तक सात सूचियां आ चुकी हैं और 407 प्रत्याशियों के नाम घोषित हो चुके हैं। भाजपा की सूचियां हर बार किसी न किसी को झटका देतीं हैं। भाजपा ने जब मंडी सीट से अभिनेत्री कंगना रानौत को अपना प्रत्याशी बनाया तो पता नहीं कितनों को झटका लगा। सियासत में झटका देने की शुरूवात 1985 में कांग्रेस ने की थी। कांग्रेस ने उस दौर में सबसे बड़ा झटका ग्वालियर से चुनाव लड़ रहे भाजपा के अटल बिहारी बाजपेयी को दिया था। कांग्रेस ने ऐन मौके पर पंडित जी के सामने सिंधिया घराने के प्रमुख माधवराव सिंधिया को उतार दिया था। कांग्रेस ने तब आज के शहंशाह अमिताभ बच्चन को भी ठीक उसी तरह मैदान में उतारा था जैसे इस चुनाव में भाजपा कंगना को लेकर आयी है।

झटके देने के तरिके में भी तब्दीली आ रही है । पहले टिकट काटकर या देकर झटके दिए जाते थे,अब पार्टियां स्टार प्रचारकों की सूची में नाम शामिलकर या नाम काटकर झटका देतीं है। मिसाल के तौर पर हरियाणा से भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई को पार्टी ने 3 दिन में दूसरा झटका दिया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए जारी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में उनका नाम गायब है। इस लिस्ट में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ मठ के महंत एवं राजस्थान से विधायक बाबा बालकनाथ और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का नाम शामिल है। भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में मोदी जी के हनुमान अमित शाह का नंबर चौथा है। उनसे ऊपर राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी खुद हैं।

झटका देने में केंचुआ भी पीछे नहीं है। केंचुआ ने हाल ही में बंगाली नेता सुश्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद दिलीप घोष और कंगना रानौत पर टिप्पणी करने वाली कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस देकर झटकाने की कोशिश की है। केंचुआ ने सबसे पहले यानि चुनावों की घोषणा से भी कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को भी एक एडवाइजरी जारी कर झटका देने की कोशिश की थी, लेकिन राहुल ठहरे 'झटकाप्रूफ' नेता। दरअसल राहुल गांधी पिछले एक दशक में इतने झटके खा चुके हैं कि उनके ऊपर झटकों का असर होना ही बंद हो गया है। सियासत में ये झटकेबाजी कब तक चलने वाली है ये कोई नहीं जानता। इसलिए आप भी तेल देखिये और तेल की धार देखिये।

## केजरीवाल की हिरासत बढ़ी, पर ईडी-भाजपा बेपर्दा

दिल्ली के कथित शराब घोटाला कांड के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये गये आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से चाहे पूरी राहत न मिली हो परन्तु उन्होंने न्यायालय में ईडी एवं भारतीय जनता पार्टी को जिस प्रकार से बेपर्दा किया उससे ईडी का पक्ष तो कमजोर हुआ ही, लोगों में फिर से संदेश गया है कि भाजपा व उसकी केन्द्र सरकार विपक्षी दलों व उनके नेताओं के खिलाफ किस प्रकार से राजनैतिक षड़यंत्र रचती है और उसके लिये जांच एजेंसियों का कैसे इस्तेमाल होता है। दिलचस्प बात यह है कि जहां एक ओर केजरीवाल ने अपना पक्ष खुद ही रखा वहीं उन्होंने अपनी हिरासत बढ़ाने का विरोध न कर सबको चौंका दिया। सम्भवत: यह आप की रणनीति का हिस्सा हो कि वे अपनी बात कहें ताकि वह कोर्ट की जिरह से बढ़कर एक राजनैतिक संदेश बनकर दूर तक जाये। अगर ऐसा है तो उसमें वे सफल होते नजर आये हैं।

उल्लेखनीय है कि केजरीवाल को उनके दिल्ली के आधिकारिक निवास स्थान से 21 मार्च की रात को गिरफ्तार किया गया था। उन पर दिल्ली शराब घोटाले में संलिप्तता का आरोप है। गिरफ्तारी के पहले ईडी अधिकारियों ने उन्हें 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में प्रस्तुत कर 10 दिनों की हिरासत मांगी थी लेकिन न्यायालय ने केवल 6 दिनों की जमानत दी थी। इसके अनुसार शुक्रवार को उन्हें कोर्ट के सामने प्रस्तुत कर ईडी द्वारा फिर से 7 दिनों की जमानत मांगी गई थी लेकिन कोर्ट ने यह हिरासत चार दिनों के लिये ही बढ़ाई। उन्हें 1 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश ईडी को दिया गया। इस मामले में पहले ही उप मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया व एक अन्य मंत्री सत्येन्द्र जैन गिरफ्तार हैं। इसी मामले में बीआरएस की नेता के. कविता भी दो दिन पूर्व गिरफ्तार की गई हैं तथा वे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं।

इसके पहले अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने सुनवाई के दौरान इस बात को सामने लाया कि जिन सरकारी गवाहों के बयान पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है वे स्वयं अपने बयान बार-बार बदलते रहे हैं अत: उनकी विश्वसनीयता नहीं है।


## कर्म

**बिखेर दो उर्वर धरा पर पुष्प सत्कर्मों के,**
**महक उठे फिजा कट जाएं कष्ट जन्मों के।**
**करें कल याद तुमको नेक काम के लिए,**
**कुछ ऐसा कर ' चिराग ' इंसान के लिए।।**

**सब कठपुतलियां उस एक परमशक्ति की,**
**बेसबब लड़ते हैं झूठी शान के लिए,**
**गॉड, ईश्वर अल्लाह या फिर वाहेगुरु,**
**चाहे जो भी नाम दे दो भगवान के लिए,**

**व्यक्तित्व हो ऐसा, जो सबको अजीज हो,**
**सबके दिलों के जो बेहद करीब हो**
**नाम आए तुम्हारा तो खुशनुमा अक्स बने,**
**खुद परिचय ना देना पड़े पहचान के लिए।**

**पत्थर फेंकने वालों को अपना काम करने दो**
**तुम जियो तो जियो नेक काम के लिए**
**जैसा जिसका कर्म वैसा ही उसका फल**
**रावण के लिए हो, या फिर श्रीराम के लिए।।**



- दीपक उनियाल, 335-ई, उनियाल निवास,गली नंबर 10, दरिया चंडीगढ़।

सर्वाधिकार सुरक्षित।




# नेचुरोपैथी में बनाएं अपना कॅरियर

**एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।**

आज के समय में लोगों का लाइफस्टाइल जिस तरह का है, उसके कारण हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से ग्रस्त रहता ही है। लेकिन हर समस्या के लिए दवाइयों का इस्तेमाल करना उचित नहीं माना जाता। अगर आप भी लोगों का इलाज प्राकृतिक तरीके से करने में विश्वास रखते हैं तो नेचुरोपैथी में अपना भविष्य बना सकते हैं। यह एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा है, जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों की सहायता से व्यक्ति का इलाज किया जाता है। यह इलाज की एक बेहद पुरानी पद्धति है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे व्यक्ति को सामान्य चिकित्सा व मानव शरीर रचना विज्ञान के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एक सफल नेचुरोपैथ बनने के लिए आपके भीतर धैर्य, कम्युनिकेशन और लिसनिंग स्किल्स, आत्मविश्वास, मरीज की जरूरतों को समझना, मोटिवेशनल्स स्किल्स व रोगियों के भीतर विश्वास पैदा करने का भी कौशल होना चाहिए।

## क्या होता है काम

एक नेचुरोपैथ का मुख्य काम सिर्फ रोगी का इलाज करना ही नहीं होता, बल्कि वह अपने पेशेंट के खानपान और उसके लाइफस्टाइल में भी बदलाव करता है, ताकि व्यक्ति जल्द से जल्द ठीक हो सके। इतना ही नहीं, एक नेचुरोपैथ को मनोविज्ञान का भी ज्ञान होना चाहिए ताकि वह रोगी की स्थित कि समझकर उसे बेहतर उपचार दे सके।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके बाद आप बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी और यौगिक साइंस कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें डिप्लोमा कोर्स भी अवेलेबल हैं।



## संभावनाएं

एक नेचुरोपैथ वेलनेस सेंटर्स, न्यूटिशन सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ केयर सेंटर आदि में जॉब तलाश सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप एकेडमिक्स, कम्युनिटी हेल्थ सर्विस केयर, सोशल वेलफेयर, मैन्युफैक्चरिंग और नेचुरल प्रॉडक्ट्स कंपनी आदि में भी काम कर सकते हैं। भारत में प्राकृतिक चिकित्सक सरकारी और निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किए जाते हैं। वैसे लग्जरी होटल व हेल्थ रिसॉर्ट में भी नेचुरोपैथ सर्विसेज दी जाती हैं, वहां पर भी जॉब की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आप विभिन्न अखबार, मैगजीन में लिख सकते हैं या फिर खुद का यूट्यूब चैनल चलाकर भी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। एक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सक खुद का सेंटर भी खोल सकता है।

## आमदनी

एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी, नई दिल्ली।
- महर्षि पतंजलि इंस्टीटयूट फॉर योगा नेचुरोपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च, गुजरात।
- बोर्ड ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सिस्टम ऑफ मेडिसिन, मेरठ।
- सीएमजे यूनिवर्सिटी, मेघालय।
- प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रांची।
- एसडीएम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सांइस, कर्नाटक।
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर।
- महावीर कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योग, छत्तीसगढ़।



**एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है।**

# अगर आपको भी है टैटू बनाने का पैशन...

पिछले कुछ समय से टैटू बनवाने का क्रेज युवाओं में काफी बढ़ गया है। वैसे तो टैटू पुराने समय से बनाए जाते रहे हैं लेकिन कुछ सालों से इसके स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है। वर्तमान समय में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बड़े-बड़े स्टार्स भी बॉडी पर टैटू बनवाते हैं, फिर चाहे बात दीपिका पादुकोण की हो या प्रियंका चोपड़ा की, हर कोई टैटू बनवा चुकी है। आज के समय में बहुत से ऐसे युवा हैं जो न सिर्फ टैटू बनवाने का क्रेज रखते हैं, बल्कि वह टैटू बनाना भी सीखना चाहते हैं। अगर आपको भी टैटू बनाने का पैशन है तो आप इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं देख सकते हैं-



## क्या होता है काम

एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है। इसके अलावा टैटू बनाने के बाद शुरूआत में स्किन की सही तरह से केयर करनी भी जरूरी होती है, इसलिए एक टैटू मेकर का काम है कि वह अपने क्लाइंट को स्किन केयर के बारे में भी सारी जानकारी दे ताकि उन्हें बाद में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

## स्किल्स

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है आपका क्रिएटिव माइंड। आज के समय में पहले की तरह सिंपल टैटू नहीं बनाए जाते। इसलिए एक टैटू मेकर क्लाइंट की जरूरत को समझकर और अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग करके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर अलग-अलग कलर कॉम्बीनेशन और केमिकल्स के जरिए बेहतरीन आकृति को उकेरता है। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में आपकी सफलता आपका पैशन तय करता है। अगर आप इस काम से दिल से प्यार करते हैं, तभी आपको इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक टैटू मेकर को हमेशा अपडेट रहना चाहिए। उसे लेटेस्ट ट्रेंड की जानकारी होनी चाहिए। एक टैटू बनाना देखने में भले ही आसान लगे लेकिन यह एक कठिन काम है। इसमें आपको बेहद पेशेंस और एकाग्रता की जरूरत होती है। कई बार लोगों को टैटू से त्वचा में संक्रमण भी फैल जाता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि आप इससे भी अच्छी तरह वाकिफ हों और हर तरह की सावधानी बरतते हुए ही अपना काम करें।



## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएं देख रहे छात्रों के लिए कोई मिनिमम योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन टैटू बनाने में आजकल मशीनों का प्रयोग किया जाता है, इसके लिए आप किसी टैटू स्टूडियो या संस्थान से शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए टैटू मेकिंग सीख सकते हैं। यह कोर्स एक से दो महीने का होता है।

## संभावनाएं

एक टैटू मेकर के लिए काम की कोई कमी नहीं है। टैटू मेकिंग का काम सीखने के बाद आप घर से ही काम की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आप बजट अच्छा है तो अलग से टैटू मेकिंग स्टूडियो भी खोला जा सकता है। अगर आप क्लाइंट के घर जाकर काम कर सकते हैं तो ऑनलाइन काम को प्रमोट करना अच्छा रहेगा। इससे आपको कम समय में ही अच्छा काम मिलने लगेगा। इसके अतिरिक्त बड़े-बड़े मॉल्स में भी टैटू मेकिंग का काम शुरू किया जा सकता है।

## आमदनी

इस क्षेत्र में कमाई अनुभव और आपके काम के अनुसार बढ़ती है। वैसे कोर्स करने के बाद शुरूआती दौर में एक टैटू मेकर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपए आसानी से कमा सकता है। लेकिन कुछ सालों के अनुभव के बाद जब आप अपना नाम स्थापित कर लेते हैं तो आपकी आमदनी लाखों में भी हो सकती है।

# कम्युनिकेशन डिजाइनिंग से दें कॅरियर को एक नई उड़ान

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके। देश के प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान डिजाइनिंग संबंधी कई कोर्स संचालित करता है। इन कोर्सेस में दाखिला लेकर छात्र न सिर्फ अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं, बल्कि सफलता की नई कहानी भी लिख सकते हैं। आज हम आपको राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्स की जानकारी दे रहे हैं




### बैचलर ऑफ डिजाइन बी.डेस

यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम है जो आठ विषयों में उपलब्ध है। 12वीं स्तर के 20 वर्षीय विद्यार्थी इन कोर्सेस में दाखिला ले सकते हैं।

### एनीमेशन फिल्म डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि करीबन चार वर्ष की होती है और इसमें महज 15 सीटें ही एनआईडी में उपलब्ध होती हैं। इस कोर्स को करने के बाद छात्र विभिन्न टीवी चैनल में एनिमेटर, करैक्टर डिजाइनर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, क्रिएटिव डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, कंसलटेंट आदि के रूप में काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन

सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन कला और रचनात्मकता के क्षेत्रों में शिल्प, वास्तु, चिकित्सा, सत्कार, सज्जा उत्पादों आदि शैलियों में कार्यात्मक सम्भावनायें भी प्रदान करता है। एनआईडी का यह विभाग भारतीय कला और शिल्प से प्रेरणा लेता है और छात्रों को भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन और नयी तकनीकों की क्षमता को समझने में मदद करता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र एनजीओ, डिजाइन स्टूडियो, शिल्प उद्योग में भी रोजगार के अवसर ढूंढ सकते हैं या खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### एक्सबिशन डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके।

### फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन

फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन कोर्स के तहत छात्रों को छोटी एजुकेशनल, कल्चरल, सोशल, एंटरटेनिंग व मार्केट कम्युनिकेशन संबंधी शार्ट फिल्में बनाने करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र ऑडियो-विजुअल कम्युनिकेशन के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ऐसे छात्रों के लिए एड एजेंसी, फिल्म प्रॉडक्शन हाउस, टीवी चैनल्स व अन्य कई सरकारी क्षेत्रों व एनजीओ के रास्ते हमेशा खुले रहते हैं।

### फर्नीचर डिजाइन

फर्नीचर डिजाइन भी वास्तव में एक कला है और इस कला की पूरी जानकारी एनआईडी के चार वर्षीय फर्नीचर डिजाइन कोर्स से प्राप्त होती है। कोर्स में विभिन्न प्रकार के मैटीरियल, उनके इस्तेमाल और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करके कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### ग्राफिक डिजाइन

पिछले कुछ समय से ग्राफिक डिजाइनर की मांग काफी बढ़ी है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक लोग ग्राफिक्स का सहारा लेने लगे हैं। इसके जरिए चीजों को आसानी से समझा जा सकता है और यही कारण है कि यह कोर्स छात्रों के बीच खासा पसंद किया जाता है।

### जीडीजीपी (ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन)

4 वर्ष का यह कोर्स विजयवाड़ा और कुरुक्षेत्र में उपलब्ध है। इसमें छात्रों का 12वीं पास होना आवश्यक है और उम्मीदवार की आयु 20 से अधिक न होनी चाहिए।

### प्रॉडक्ट डिजाइन

प्रॉडक्ट डिजाइन उन वस्तुओं की रचना करना है, जो लोगों के लिए फायदेमंद है। वस्तुए बड़ी व्यवस्था का मुख्य अंश होती है। कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट्स का मुख्य केंद्र उपयोगकर्ताओं की जरूरत, उत्पाद और आर्थिक प्रभाव के लिए प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर रहता है।

### टेक्सटाइल डिजाइन

टेक्सटाइल डिजाइन के कोर्स के तहत छात्रों के भीतर कपड़ा अथवा टेक्सटाइल की समझ का ज्ञान विकसित किया जाता है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है।

### स्नातकोत्तर डिजाइन (एम.डेस.)

किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त छात्र इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। 25 वर्ष की अवधि का यह कोर्स अहमदाबाद, बेंगलुरु और गांधीनगर कैंपसों में उपलब्ध है। इन कोर्सेस में दाखिला लेने वाले आवेदक की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह कोर्स लगभग 19 विषयों में उपलब्ध है, जो इस प्रकार है-

- ऐनीमेशन फिल्म डिजाइन
- अपैरल डिजाइन
- सिरामिक व ग्लास डिजाइन
- डिजाइन फॉर रिटेल एक्सपीरियंस
- डिजिटल गेम डिजाइन
- फिल्म व वीडियो कम्यूनिकेशन डिजाइन
- फर्निचर डिजाइन
- ग्राफिक डिजाइन
- इन्फोरमेशन डिजाइन
- इंटरैक्शन डिजाइन
- लाइफस्टाइल ऐक्सेसरी डिजाइन
- न्यू मीडिया डिजाइन
- फोटोग्राफी डिजाइन
- प्रोडक्ट डिजाइन
- स्ट्रैटिजिक डिजाइन प्रबंधन
- टेक्सटाइल डिजाइन
- टॉय ऐंड गेम डिजाइन
- ट्रांसपोर्टटेशन व ऑटोमोबाइल डिजाइन
- यूनिवर्सल डिजाइन

लोकल के लोगों को रूम न देने पर

# दबंगों ने की होटल राज पैलेस में घुस कर मैनेजर से की मारपीट

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने बाले होटल राज पैलेस से है जहाँ होटल मैं कमरे किराए से लेने आये दबंगो ने होटल मैनेजर से मारपीट कर दी जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलेश जयसिंघानी पुत्र खियाराम जयसिंघानी उम्र 45 साल निवासी नाशिक थाना भद्रकाली नाशिक महाराष्ट्र हाल निवास राज पैलेस होटल पुराना बस स्टेण्ड शिवपुरी ने अपने परिचित बीरेन्द्र रजक, अर्पित गुप्ता के उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि, वह राज पैलेस होटल में रिसेप्शन मैनेजर का प्राईवेट काम करता हूँ, दिनांक 29/03/24 के करीव रात्रि 11.40 बजे की बात है। मैं होटल के रिसेप्शन कांउन्टर पर था तभी पारस सरदार, विशाल तोमर, हरदीप सिंह सरदार



व उनका एक साथी आये जो बाले की हम होटल में रूम बुक करना है। मैने कहा लोकल पब्लिक को रात्रि में रूकने के लिये रूम नही देते है। इसी बात को लेकर पारस सरदार, विशाल तोमर, हरदीप सिंह सरदार व उनका एक साथी मुझे माँ बहन की गंदी गंदी गालियाँ देने लगे मैने गाली देने की मना किया तो हरदीप सिंह सरदार ने मेरे घूसा मारा जो मेरे वांये आँख के पास लगा उसके हाथ में कडा था जिससे मेरी वांये आँख में व गाल में चोट होकर खून निकला तथा पारस सरदार, विशाल तोमर व उसके साथी ने मेरी लात घूसौ से मारपीट कर दी जिससे मेरे वांये तरफ छिलन होकर परसली में चोट आयी तथा मुंह में व नाक मे चोट होकर खून निकला मुझे बचाने होटल स्टाफ बीरेन्द रजक आया तो बीरेन्द्र की भी पारस सरदार व विशाल तोमर ने लात घूसा मार दिये जिससे उसके दाँहिने हाथ व पीठ में मूदी चोट मौके पर बीच कराने सिद्धार्थ अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल थे जिन्होने घटना देखी व बीच बचाव कराया। पारस सरदार, विशाल तोमर, हरदीप सिंह सरदार व उनका एक साथी ने मुझे धमकी दी कि अगर थाना पर हम लोगो की रिपोर्ट करने गये तो जान से खत्म कर देंगे।



## शासकीय पीजी कॉलेज में युवा मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी में भूगोल विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण भूगोल विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर किरण मेहरा, डॉ.आर.पी.यादव, प्रोफेसर अहिरवार एवं प्रोफेसर चंद्रप्रभा राजपूत की उपस्थिति में आयोजित किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. राकेश कुमार शाक्य ने नव मतदाताओं को जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनको मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया तथा वोटर हेल्पलाइन एप एवं सी विजिल ऐप डाउनलोड करने एवं उपस्थित छात्र छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

## शिवपुरी पुलिस की वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही

### कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता तीन स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई वारंट तामील कराये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मूले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के क्रम में कोतवाली टीआई रोहित दुबे की टीम द्वारा आज दिनांक 30.03.24 को माननीय न्यायालय जेएमएफसी शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 649/16 के स्थाई वारंटी पर्वत सिंह पुत्र फेरन सिंह परिहार उम्र 32 साल नि0 सिंहनिवास शिवपुरी तथा प्रकरण क्रमांक 742/18 एवं प्रकरण क्रमांक 733/18 के दो स्थाई वारंटो को भी तामील कराया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली रोहित दुबे, प्र0आर0 422 बहादुर सिंह, प्र0आर0 374 गजेन्द्र परिहार, आर. 248 भोले सिंह राजावत, आर. 767 अजीत सिंह, आर. 265 देवेन्द्र रावत आर0 344 बृजेन्द्र रावत, सैनिक 175 रामभरत नरवरिया की विशेष भूमिका रही।

लोकसभा निर्वाचन-2024

## किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 19 अप्रैल से एक जून तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

### भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी, लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6=30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णत= प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णत= प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

## लालसिह करेंगे गोहद का भविष्य तयः नरेंद्र तोमर

### मेरी गलतियों को माफ करेंः संध्या राय

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद -रंग पंचमी के अवसर पर गोहद नगर के नगर पालिका प्रांगण में आयोजित होली कार्यक्रम जो गोहद की पहचान जिसमे समर्पण संस्कृति व सद्भावना को आने वाली पीड़ी को सौंपने का अवसर था।





मिलन समारोह व उत्सव के अवसर पर भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा लालसिह आर्य द्वारा आयोजित जिसमे हर वर्ग सम्मलित हुआ था। जिसके अंदर गोहद के विकास व संस्कृति को ऊंचे पायदान पर देखने की भावना नगर पालिका प्रागण में जहाँ पाश्चत्य संस्कृति के तहत युवा बर्ग गीतों पर थिरक रहा था वही डाग उत्सव हमारी संस्कृति को परोसा गया यहाँ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में हार जीत एक सिक्के के दो पहलू है जिसे हमे स्वीकार करना है गोहद मेरा घर मेरा परिवार है गोहद के विकास की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है लालसिह आर्य मेरा छोटा भाई है। गोहद के विकास का भविष्य लालसिह तय करेगा ।हमारा प्रथम लक्ष्य नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है यहाँ लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय ने कहा कि पार्टी ने पुनः मुझे प्रत्याशी बनाया है यह मेरा सौभाग्य है हो सकता है कि में आपकी अपेक्षा पर खरी नही उतरी हूं। लेकिन आपके आशीर्वाद से सैनिक स्कूल ,मेडिकल कालेज ,गोहद भिण्ड रेल्वे स्टेशन के साथ आधा दर्जन से ज्यादा ओवर ब्रिज एक बानगी है इसके साथ ही भिण्ड ग्वालियर स?क मार्ग का चौड़ीकरण लंबित है में पुनः आपके सहयोग व आशीर्वाद के आकांछि हूं। यहाँ लालसिह आर्य ने कहा कि गोहद के विकास का सपना था मेरा लेकिन भले ही में प्रतिनिधि नही हु। लेकिन मेरा दिल गोहद में ध?केगा आपके आँखों मे कभी आँसू नही देखूंगा आपका दुख मेरा है मेरा ही रहेगा जिसे दूर करने का मेरा दायित्व है।मैं जिस ऊंचाई पर पहुंचा हूं वह आप सबका आशीर्वाद है।बरना में एक कारीगर का बेटा हूं।आप सभी के आशीर्वाद से आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं। इस ऋण को में कभी नहीं चुका सकता।



## लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण में भिंड दतिया लोकसभा का निर्वाचन 7 मई निश्चित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**



भिंड। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण में भिंड दतिया लोकसभा का निर्वाचन 7 मई 2024 होने वाला है इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष आदरणीय भाई साहब नरेंद्र सिंह तोमर जी द्वारा गोहद अटल चौक पर भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति पर माल्यार्पण किया इस अवसर पर प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय जी द्वारा भी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इस अवसर पर माननीय नरेंद्र सिंह जी तोमर का भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारआत्ममीय स्वागत करते हुए माल्यार्पण कर सोल श्रीफल से भी स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में श्री नरेंद्र सिंह तोमर पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष,महेश श्रीवास्तव पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश सिंह गुर्जर पूर्व प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मनोज थापक रामवरन सोलंकी अशोक शर्मा राजाराम तोमर जीतू जाटव पिंकी सागर जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भिंड पूर्व पार्षद दिलीप सक्सेना पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कालीचरण गुप्ता संतोष राठौड़ मंडल उपाध्यक्ष ,नारायण तोमर सुरेश छारी, विनोद सिंह महामंत्री मंडल महामंत्री गजेंद्र चौधरी,अनूप शर्मा ,सुरेंद्र गोड़ मंडल उपाध्यक्ष राजवीर सिंह आदि द्वारा बाजे ढोल के साथ स्वागत किया गया।


## विश्वकर्मा जन संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह

**उप संपादक महेंद्र शर्मा**



सेंवड़ा जिला दतिया में विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम श्री हरिमोहन विश्वकर्मा (अध्यक्ष सेंबडा विधानसभा) जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बेताल विश्वकर्मा जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कालीचरन विश्वकर्मा (अध्यक्ष दतिया ग्रामीण) जी द्वारा की गई । प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बेताल विश्वकर्मा जी ने संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सबको एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना है साथ ही संगठन के विस्तार को लेकर एवं संगठन द्वारा भिंड दतिया लोकसभा क्षेत्र में संगठन द्वारा विश्वकर्मा समाज का महासम्मेलन कार्यक्रम करने को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सोनू विश्वकर्मा भगुआपुरा, मौ नगर अध्यक्ष डॉ गोविंद विश्वकर्मा, दिनेश कुमार विश्वकर्मा,सेवडा विधानसभा उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर विश्वकर्मा भगुआपुरा,सचिव हरीमोहन विश्वकर्मा दावनी ,महामंत्री सुनील कुमार विश्वकर्मा सेवडा,तेज सिंह विश्वकर्मा मौ,उमेश विश्वकर्मा दावनी,भोला विश्वकर्मा मौ, शिवचरण विश्वकर्मा,खंजापुरा, पिंकू विश्वकर्मा रुरई,सन्जू विश्वकर्मा नहला, रामकिशोर विश्वकर्मा,भानू विश्वकर्मा,कमलेश विश्वकर्मा, सन्नी विश्वकर्मा,सुदामा विश्वकर्मा इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





# रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर का नया गाना धरती का अभियान हुआ रिलीज

रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर का नया गाना अब रिलीज हो गया है। फिल्म जब से चर्चा में बनी हुई है तब से ही इसे लेकर नई-नई अपडेट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ऐसे में अब नया गाना भी लोगों की नजर में आ गया है। फिल्म के नए गाने की बात करें तो धरती का अभिमान उसका गाना है। उसके साथ ही बता दे कि इसमें दिव्या कुमार और विजय प्रकाश ने अपनी आवाज दी है। अनु मलिक द्वारा इसका संगीत दिया गया है। वहीं गानों को फैंस द्वारा भी काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म में नजर आने वाले किरदारों की बात करें तो रणदीप हुड्डा के अलावा इस फिल्म में अंकिता लोखंडे, अमित सियाल को भी मुख्य अभिनय करते हुए देखा जाने वाला है। ऐसे में आपका एंट्री फिल्म की कहानी को अच्छी तरह जाने के लिए उत्सुक है।




# उर्वशी रौतेला स्टारर जेएनयू का टीजर हुआ लॉन्च, 5 अप्रैल सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

अपकमिंग फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज बना है। फिल्म कॉलेज स्टूडेंट्स के माध्यम से कुछ ऐसे सीरियस मुद्दों को दिखाएगी, जिसके बारे में कम ही बात हुई या सुनी गई हो। कुछ दिनों पहले फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें कहानी के सारांश की झलक नजर आ रही थी।

अब मूवी का टीजर आउट कर दिया गया है। जेएनयू फिल्म छात्र राजनीति पर आधारित है। जारी किए गए टीजर में दिखाया गया है कि दो अलग-अलग विचारधारा के छात्रों का गुट है। कोई लाल सलाम तो कोई जय श्रीराम का नारा लगाते नजर आता है। जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी में राजनीति और इससे जुड़े कई मुद्दे दिखाए गए हैं। इस मूवी में पॉपुलर एक्टर रवि किशन पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो यूनिवर्सिटी में हुई घटनाओं का जायजा लेने वहां आते नजर आएंगे। रवि किशन के अलावा फिल्म में बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई, बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला, पीयूष मिश्रा, सिद्धार्थ बोदके, विजय राज और अतुल पांडे की एक्टिंग भी देखने को मिलेगी। विनय शर्मा के डायरेक्शन में बनी जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी के टीजर पर फैंस का मिक्स रिएक्शन आया है। कुछ ने फिल्म की तारीफ की है, तो कुछ ने इसे प्रोपेगेंडा बताया है। वहीं, कुछ फैंस ने फिल्म के नाम पर ही नाराजगी जाहिर की है। बता दें कि फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज हो रही है।



# कम उम्र में ही त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी : हिना खान

टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता हैं में अक्षरा के किरदार से फेम पाने वाली एक्ट्रेस हिना खान ने युवा पीढ़ी को त्वचा की देखभाल करने की सलाह दी है। एक्ट्रेस ने कहा कि कम उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल करना बहुत जरूरी है। बिग बॉस 11 की प्रतियोगी हिना को अक्सर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ अपने वर्कआउट रूटीन और स्किनकेयर टिप्स शेयर करते हुए देखा जाता है। हाल ही में मुंबई में काया के नए क्लिनिक के लॉन्च पर हिना ने कहा, मेरा मानना है कि कम उम्र में, खासकर 20 साल की उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल करना महत्वपूर्ण है। जिन्होंने ऐसा नहीं किया है, उन्हें मैं बताना चाहती हूं कि मैंने 30 वर्ष के बाद ही इसकी शुरुआत की। हिना ने कहा, मैं कई डॉक्टरों से मिली हूं और उन्होंने न केवल 20 साल की उम्र में, बल्कि 18 साल की उम्र में ही त्वचा की देखभाल शुरू करने की सलाह दी। मुंहासे और दाग-धब्बों से जूझ रहे लोगों के लिए, 18 या उससे अधिक उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल शुरू करना आवश्यक है। इसलिए मेरी सलाह है कि सही समय पर इसकी शुरूआत कर दें, आपको खुद ही परिणाम दिख जाएंगे। हिना अगली बार अंग्रेजी और हिंदी द्विभाषी फिल्म कंट्री ऑफ ब्लाइंड में नजर आएंगी। एक्ट्रेस हाल ही में मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की हल्की सी नामक एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो में भी नजर आई थी।



# सोफिया अंसारी साड़ी पहन ढाती हैं कहर, कातिलाना हुस्न देख फैंस होते हैं घायल

सोशल मीडिया का काफी पॉपुलर चेहरा सोफिया अंसारी अपनी ग्लैमरस अदाओं के लिए जानी जाती हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपने फोटोज से फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं। सोफिया अंसारी के एक से बढ़कर एक फोटोज फैंस को दीवाना बनाती हैं। सोफिया अंसारी कई साड़ी पहनकर फोटोशूट कराती हैं और तस्वीरें फैंस के लिए शेयर करती है। सोफिया अंसारी की कातिलाना हुस्न देखकर फैंस घायल होते हैं। सोफिया अंसारी की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। सोफिया अंसारी इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी साड़ी वाली तस्वीरें शेयर करती हैं। सोफिया अंसारी का अंदाज को फैंस पसंद आता है। सोफिया अंसारी की साड़ी वाली तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते हैं। सोफिया अंसारी की इन तस्वीरों पर फैंस प्यार भी बरसाते हैं।

सोफिया अंसारी अपनी साड़ी वाली तस्वीरों में भी कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करने का मौका नहीं छोड़ती हैं। सोफिया अंसारी का बोल्ड अंदाज लोगों का ध्यान खींचता है। सोफिया अंसारी की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। सोफिया अंसारी के द्वारा तस्वीरें शेयर करते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। सोफिया अंसारी के फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। सोफिया अंसारी अपने फैंस को निराश किए बिना अपनी झलक दिखाती रहती हैं।



# बंगाल 1947 का ट्रेलर हुआ रिलीज, विभाजन के दर्द को बयां करेगी देवोलीना भट्टाचाजी की फिल्म

विभाजन के भयानक वक्त का सिनेमाई चित्रण करने वाली फिल्म बंगाल 1947 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. 29 मार्च को रिलीज होने वाली ये हिंदी फिल्म 1947 में भारत के विभाजन, खासकर बंगाल पर उसके असर को दर्शाएगी. ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे विभाजन के उस वक्त प्यार का रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है. फिल्म में देवोलीना भट्टाचार्जी, सोहला कपूर, ओमकार दास मानिकपुरी, आदित्य लखिया और अंकुर अरमाम मुख्य भूमिकाओं में हैं. अकाशदीप लामा द्वारा निर्देशित इस फिल्म के निर्माता सतीश पांडे, रिषभ पांडे और अकाशदीप लामा हैं. ये फिल्म कॉन्फेड प्रोडक्शन्स और थिंक टैंक ग्लोबल फिल्म्स के बैनर तले बनी है. देवोलीना भट्टाचार्जी, जो 'बंगाल 1947' के साथ अपनी फिल्म की डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, ने कहा, 'कई कारणों ने मुझे इस भूमिका की ओर आकर्षित किया. सबसे पहले, इसने मुझे निर्देशक आकाशदीप लामा के साथ फिर से जोड़ा, जिनके साथ मुझे अपने करियर की शुरुआत में उनके नाटक मोहनजोदड़ो में सहयोग करने का सौभाग्य मिला था. वह उस लिहाज से परिवार की तरह बन गए हैं. लेकिन हमारे जुड़ाव से परे, यह किरदार अपने आप में अविश्वसनीय रूप से मजबूत और सूक्ष्म है, जो एक अभिनेता के लिए वास्तविक आधार प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त, मेरी स्वयं की बंगाली और असमिया विरासत ने मुझे फिल्म के विषयों के साथ गहराई से जुड़ने दिया.' विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, 'यह फिल्म विभाजन के भयावह अराजकता के बीच प्यार की स्थायी ताकत की खोज करते हुए एक दृश्य कृति होने का वादा करती है. जबकि दर्शकों ने विभाजन पर प्रेम कहानियां और ऐतिहासिक नाटक पहले भी देखे हैं, यह फिल्म एक पूरी तरह से अनूठा अनुभव देने का वादा करती है. यह विचारोत्तेजक और मनोरंजक दोनों है.' 'बंगाल 1947: एक अनकही प्रेम कहानी' कॉम्फेड प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड और थिंक टैंक ग्लोबल द्वारा निर्माण किया गया है, जिसका नेतृत्व निर्माता सतीश पांडे, आकाशदीप लामा और रिषभ पांडे द्वारा किया जाता है. वितरण प्लेटून डिस्ट्रीब्यूशन द्वारा किया गया है।



## माहौर ग्वार्रे वैश्य महाराजा महासेन महिला समिति का होली मिलन समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर।** माहौर ग्वार्रे वैश्य महिला समिति का होली मिलन समारोह एक निजी होटल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज की सभी महिलाओं ने एक दूसरे के साथ गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली वहीं महिलाओं में उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से कई रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए कार्यक्रम संयोजक सपना गुप्ता एवं माधवी गुप्ता थी समिति द्वारा कई गेम आयोजित किए गए जिसमें स्लीप गेम में सीमा गुप्ता प्रथम सुधा बांदिल द्वितीय तथा सपना गुप्ता तृतीय स्थान पर रही वही चेयर रेस प्रतियोगिता में नीलम गुप्ता प्रथम प्रीति मांडिल द्वितीय जागृति मांडिल तृतीय स्थान पर रहीं गिलास प्रतियोगिता में मंजू गांगिल प्रथम मधु गुप्ता द्वितीय प्रीति गुप्ता तृतीय स्थान पर रही महिला समिति की अध्यक्ष ममता गोयल सचिव आशा गोयल एवं कोषाध्यक्ष गुन माला गांगिल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया इस अवसर पर सीमा बंसल सुमन गुप्ता रेनू गुप्ता उपमा गुप्ता किरण गुप्ता अर्चना गुप्ता रजनी गुप्ता सहित अनेक सामाजिक महिलाएं उपस्थित थी।

# थाना महाराजपुरा पुलिस ने लूट की वारदातों का किया खुलासा

## थाना महाराजपुरा पुलिस ने हत्या का प्रयास व लूट के शातिर आरोपी को लूटी गई सोने की चेन व साथी सहित किया गिरफ्तार

पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह( भा.पु.से) के द्वारा ग्वालियर जिले में गंभीर एवं लूट के अपराधों में वांछित आरोपियों की टीम बनाकर धरपकड़ हेतु निर्देश दिये है, उक्त निर्देशों के अनुक्रम में अति पुलिस अधीक्षक( पूर्व/यातायात/अपराध) श्री षियाड़.के.एम. (भापुसे) द्वारा उक्त प्रकृति के अपराधों में वांछित या फरार आरोपियों के संबंध में मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने हेतु अधीनस्थ थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में थाना महाराजपुरा पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि थाना महाराजपुरा के अपराध क्रमांक 196/2024 धारा 307,34 ताहि का आरोपी जे.ए.एच ग्वालियर अस्पताल में अपना इलाज करा रहा है। मुखबिर की सूचना पर से पुलिस की एक टीम को जे.ए.एच ग्वालियर अस्पताल भेजा गया। जहाँ पर मुखबिर के बताये अनुसार उक्त प्रकरण का आरोपी उपस्थित मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा अभिरक्षा में लिया गया और नाम व पता पूछने पर उसने सौरभ राजावत पुत्र शैलेन्द्र सिंह राजावत निवासी ग्राम ढौचरा थाना ऊमारी जिला भिण्ड हाल सैनिक कालोनी पिंटो पार्क ग्वालियर का रहने वाला बताया और अपराध के संबंध में पूछताछ की तो उसके द्वारा उक्त घटना करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल के संबंध में पूछताछ कर पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल को जप्त किया गया। पकड़े गये आरोपी से थाना महाराजपुरा क्षेत्र में हुई लूट की घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा दिनांक 08.03.2024 को आदित्यपुरम में एक महिला से मंगलसूत्र और सोने की चेन अपने दो साथियों के साथ मिलकर लूटना बताया। उक्त घटना के संबंध में थाना महाराजपुरा पर अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 392 ताहि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशादेही पर लूटी हुई सोने की चेन को बरामद किया। लूट के अन्य मशरूका के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि लूटा हुआ मंगलसूत्र उसके साथियों के पास है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा दिनांक 12.02.2024 को शताब्दीपुरम में अपने साथियों के साथ मिलकर एक और लूट की घटना कारित करना बताया है। उक्त दिनांक को ही थाना महाराजपुरा पर अप.क्र. 113/2024 धारा 392 ताहि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध है। पकड़े गये आरोपी से उसके साथियों के संबंध में पूछताछ की गई तो आरोपी की निशादेही पर उक्त लूट की घटना में संलिप्त उसके साथी को दानेबाबा मन्दिर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया नाम व पता पूछने पर उसने गिर्राज गुर्जर पुत्र कैलाश गुर्जर निवासी ग्राम भैसोरा थाना रिठौरा जिला मुरैना का रहने वाला बताया। उससे उक्त लूट की घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई तो तो उसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों आरोपियों से लूटा गया माल बरामदगी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**जप्त मशरूका–** घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल कीमती लगभग करीब 70 हजार रूपये तथा एक सोने की चेन कीमती लगभग 30 हजार रूपये कुल जप्त मशरूका 01 लाख रूपये।

**सराहनीय भूमिका–** थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव, उनि सौरभ श्रीवास्तव, उनि ब्रजमोहन शर्मा, उनि श्यामसुंदर कुशवाह, उनि रामचन्द्र शर्मा, उनि देशराज, सिंह, उनि सुशीला जादौन, आर0 नागर सिंह, गोविन्द सिंह, नितिन सिंह, कुंजविहारी शर्मा, मनोज शर्मा, ध्रुव सिंह, गिर्राज शर्मा, अनिल गुर्जर, भीकम सिकरवार, धीरेन्द्र शर्मा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## गर्मियों में पानी-पोषण से भरपूर फल व सब्जियां रहेंगी फायदेमंद



ग्वालियर। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के आसार जताए जा रहे हैं। ऐसे में शरीर को मौसमी बीमारियों से बचाए रखने के लिए खान-पान पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। गर्मियों के मौसम में सर्दियों की अपेक्षा कम भूख लगती है। गर्मी में सही डाइट न लेने पर दस्त, उल्टी, कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान करती हैं, लेकिन गर्मियों में मिलने वाले कुछ फल और सब्जियां गर्मी के कहर से बचाने में मदद कर सकतीं हैं। ऐसे में इन फल-सब्जियों को खाकर मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है। चिकित्सक भी गर्मी में फल और सब्जियों को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। मेडिसिन विशेषज्ञ डा. नीतेश मुदगल का कहना है कि कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को लू, डिहाइड्रेशन और सिरदर्द जैसी समस्याएं होने की संभावना बढ़ सकती है। इनसे सुरक्षित रहने के लिए डाइट में पानी और पोषण से भरपूर सब्जियों को शामिल करना लाभदायक हो सकता है, इसलिए गर्मियों में उन सब्जियों और फलों का सेवन करना चाहिए जो पानी और पोषण बनाए रखने में मदद करते हैं।




## लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए थाना हजीरा पुलिस की बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही

### थाना हजीरा पुलिस ने आदतन अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। लोकसभा चुनाव-2024 को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों व आगामी लोकसभा चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर वाउण्ड ओवर की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 30.03.2024 को थाना हजीरा पुलिस द्वारा अति पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री षियाड़.के.एम. (भापुसे) एवं सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में आदतन बदमाशों के खिलाफ 110 जाफौ की कार्यवाही की गई।

थाना प्रभारी हजीरा निरी0 शिवमंगल सिंह सेंगर द्वारा थाना हजीरा के उनिरीक्षकों के नेतृत्व में 05 अलग-अलग टीमें बनाकर आदतन अपराधियों के खिलाफ 110 सीआरपीसी के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु आज दिनांक 30.03.2024 को सुबह से अभियान चलाकर 30 आदतन अपराधियों को थाने पर एकत्रित किया गया और एसडीएम कार्यालय से स्टॉफ बुलाकर नोटिस तामील कर अग्रिम कार्यवाही की गई। आदतन अपराधियों को पुलिस द्वारा हिदायत दी गई कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त पाये जाने पर उनके खिलाफ कठौर वैधानिक कार्यवाही की जावेगीं आदतन अपराधियों के द्वारा अंतिम बाउण्ड ओवर होने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के बाद भी यदि उनके द्वारा अपराध किया जाता है तो उनके विरूद्ध एसडीएम कोर्ट से धारा 122 के तहत जमानत जप्त और बंधपत्र की शेष अवधि के लिये निरूद्ध कराने की कार्यवाही की जावेगी।

## कॉलेज, कोचिंग तक पहुंच गया ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क

**ग्वालियर।** ऑनलाइन सट्टा कारोबार करने वालों ने ट्रेंड बदला है। अब उनका नेटवर्क कोचिंग, कॉलेज और स्कूली छात्रों तक फैल रहा है। इसमें ब्याज पर पैसे देने वाले भी सटटा कारोबारियों के गुप्त पार्टनर बन रहे है। खास बात यह है कि सटोरियों का जाल लगातार बड़ रहा है, लेकिन पुलिस इससे बेखबर है। आइपीएल शुरू होने के साथ ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले पुलिस के रडार पर हैं। लेकिन पकड़े सिर्फ वही जा रहे हैं जिनकी पहचान सटटे के धंधे से जुड़ी है। उन लोगों से पुलिस बेखबर है, जो इस धंधे में प्लानिंग के साथ उतारे गए हैं। इस कारोबार की जानकारी रखने वाले बताते हैं कि पिछले साल पुलिस ने आइपीएल शुरू होने के साथ ही सटटेबाजों की उठाई धराई की थी। इसलिए इस बार सटोरियों ने ट्रेंड बदल दिया है। मोटे कमीशन का ऑफर देकर उन युवकों को बुकी बनाया है, जिनका नाम पता पुलिस रिकॉर्ड में नहीं है। यह बुकी कॉलेज और कोचिंग के छात्र हैं। कमीशन के लालच में अपने सहपाठियों और दोस्तो को मोटा पैसा कमाने के लालच में दांव लगवा रहे हैं।

**सूदखोरों से टाइअप**–सटोरियों ने नए बुकी के साथ सूदखोरों की टीम भी शामिल की है। सट्टेबाजी में पैसा गंवाने वालों को सूदखोर को 30 से 40 प्रतिशत ब्याज पर रकम उधार दे रहे हैं।

**शिकायतें सामने आई नेटवर्क की तलाश**–सटटेबाजों ने पुराने ठिकाने की जगहों पर लक्जरी फ्लैट और टाउनशिप में अपने ठिकाने बनाए हैं, यह तो सामने आया था। इसके अलावा नए बुकी और सूदखोरों



के साथ टाइअप की बातें भी अब सामने आ रही हैं। इस नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। कुछ संदेहियों के नाम भी सामने आए हैं। उनकी तस्दीक की जा रही है।

## ग्वालियर में भीषण ब्लास्ट, कई लोग झुलसे, तेज धमाके के साथ हुए विस्फोट

ग्वालियर में भीषण विस्फोट हुआ है। विस्फोट में कई लोग झुलस गए हैं। तेज धमाके के साथ हुए विस्फोट से मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। ग्वालियर के सिंधिया नगर में यह विस्फोट हुआ। दोपहर बाद तेज धमाके की आवाज आई। बताया जा रहा है कि यहां एक सिलेंडर फटने से विस्फोट हुआ। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के सभी सदस्य झुलस गए हैं। विस्फोट में मां पिता और उनके तीन बच्चे घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




बिजली लाइन से आग भड़क गई जिसकी चपेट में पूरा परिवार आ गया- जानकारी के अनुसार घर में गैस रिसने से सिलेंडर में आग लग गई और विस्फोट हो गया। बिजली लाइन से आग भड़क गई जिसकी चपेट में पूरा परिवार आ गया। सभी घायलों को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंधिया नगर क्षेत्र में उस समय अफरातफरी मच गई जब एक घर में विस्फोट हो गया। धमाके की तेज आवाज के साथ आग की लपटें उठने लगीं। विस्फोट से इलाके में हड़कंप मच गया। पता चला कि यहां के एक घर में गैस सिलेंडर फटा जिससे आग भी लग गई। पूरे घर में आग फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल ने आग बुझाई। इसी के साथ लोग बचाव अभियान में जुट गए। पता चला कि भीषण आग की चपेट में पूरा परिवार आ गया। परिवार में दंपत्ति और उनके तीन बच्चे यानि कुल 5 लोग बुरी तरह झुलस गए। यह हादसा झांसी रोड थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने बताया कि दोपहर में खाना बनाने के समय घर में रखा सिलेंडर फट गया। उस वक्त गैस चूल्हे पर खाना भी पक रहा था जिससे आग भड़क गई। खबर मिलते ही दमकल मौके पर पंहुची। हादसे में परिवार के पांच लोग बुरी तरह झुलस गए जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## काम की खबर: 1 अप्रैल से नई रिजीम लागू




ग्वालियर। नया वित्त वर्ष 2024-25 एक अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। जिसको लेकर आंशिक बदलाव होंगे जिसको लेकर व्यापारियों को कुछ बातों को लेकर सावधानी रखना जरूरी है साथ ही होने वाले बदलाव की जानकारी आमजन को भी होना जरूरी है। आयकर की दरों में भले ही कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है लेकिन नई रिजीम लागू हो जाएगी।

## साडा की जमीन पर भू-माफिया का कब्जा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में भू-माफिया के दुस्साहस और अफसरों की बेपरवाही का एक और बड़ा उदाहरण सामने आया है। मामला किसी एक प्लाट या मकान का नहीं, यहां विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण यानी साडा की बेशकीमती जमीन पर खुलेआम भू माफिया ने कब्जा कर डाला। ग्वालियर में काउंटर मैग्नेट सिटी का सपना लेकर आए साडा ने यह जमीन शासन से ली थी जिस पर बसाहट तो छोड़िए कब्जा और हो गया। बहोड़ापुर शंकरपुर में बरा गांव में 40 बीघा बेशकीमती जमीन पर माफिया ने निर्माण करना शुरू कर दिया है, यहां कुल 14 सर्वे नंबर हैं जिन पर कब्जा किया गया है। इस मामले में जिला प्रशासन और साडा



के अधिकारियों को देर से खबर लगी जब तक अतिक्रमण काफी हो गया। अब अधिकारियों ने दावा किया है कि इस अतिक्रमण को जल्द हटाया जाएगा। बता दें कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने तिघरा क्षेत्र में काउंटर मैग्नेट सिटी बसाने का प्रयास किया था जिसका मकसद यह था कि दिल्ली जैसे शहरों के लोड को कम करके मैग्नेट सिटी में डायवर्ट किया जा सके। यहां साडा ने कार्यालय बनाए और भूखंडो का आवंटन किया लेकिन आज भी यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसी क्रम में बरा शंकरपुर की जमीन भी साडा ले ली थी लेकिन अभी तक बसाहट नहीं की। अब हालत यह है कि यहां नींव खोदाई से लेकर अतिक्रमण करने का काम जारी है लेकिन अधिकारियों को नहीं दिख रहा है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478